श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 164, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरुवार 13 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट



## दिल्ली की सड़कों पर यमुना का पानी, हरियाणा में अब तक 10 की मौत, हिमाचल में अलर्ट

# 'आफत' की बारिश, हाल बेहाल...

**दिल्ली/कुल्लू/मनाली/चंडीगढ़**

**हिमाचल** प्रदेश में मूसलाधार बारिश का दौर भले ही थम गया हो लेकिन दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। भूस्खलन और मकान ढहने की कई घटनाओं में जान-माल का काफी नुकसान हुआ है। शिमला की भट्टाकुफर फल मंडी में भूस्खलन हुआ है। मणिकर्ण और कसोल में फंसे सैलानियों को सुरक्षित निकाला गया है।वहीं, प्रदेश में दो दिन फिर भारी बारिश का अलर्ट जारी हुआ है।

आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए हरसंभव प्रयास करेगी सरकार : सरकार आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। यह बात राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कुल्लू में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में राहत और बचाव कार्य प्रगति पर हैं। सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी लगातार लोगों को राहत पहुंचाने में जुटे हैं। उन्होंने भुंतर सब्जी मंडी में आढ़तियों, व्यापारियों और लोगों से मुलाकात कर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार विपदा की घड़ी में लोगों के साथ है। इसके साथ ही नेगी ने मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी के साथ औट-सैंज सड़क की बहाली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश भी जारी किए। लोक निर्माण विभाग सड़कों की बहाली के कार्य में तेजी लाएं, जिससे लोगों की आवाजाही सुनिश्चित हो सके। अवस्थी ने कहा कि सरकार नुकसान का उचित आकलन कर बाढ़ग्रस्त क्षेत्र के हर संभव पुनर्वास के लिए तत्पर है।

वहीं मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों का दुख-दर्द जाना।

उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को हर मदद का भरोसा दिया। इस दौरान मंडी सदर विधायक अनिल शर्मा व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। वहीं, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंडी में पंचवक्त्र मंदिर का जायजा लिया।

कुल्लू जिला में बारिश से चार हजार करोड़ का नुकसान : कुल्लूः हिमाचल प्रदेश में बारिश से भारी नुकसान हुआ है जिसमें जिला कुल्लू में अभी तक आए आंकड़ों के अनुसार करीब 4 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। जोकि प्रदेश में सबसे अधिक है। पर्यटकों को मनाली सहित अन्य स्थानों से सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि सबसे पहले पानी, बिजली व सड़कों को रिस्टोर करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा करीब 2500 गाडियां कुल्लू के अलग अलग स्थानों में फंसी हुई है। करीब 30,000 पर्यटकों को अभी तक सुरक्षित निकाला जा चुका है। लाहौल जिला के चंद्रताल से 7 पर्यटकों को एयर लिफ्ट किया गया है।

वहां फंसे अन्य पर्यटकों को रेस्क्यू करने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। सड़क मार्ग को बहाल करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। करीब 25 किलोमीटर सड़क मार्ग बहाल करना बाकि है। उन्होंने कहा कि यहां फंसे पर्यटकों को बाहर निकालने की लगातार कोशिश किंजा रही है और उसके बाद पानी, बिजली व सड़कों पर युद्ध स्तर पर काम होगा। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री की ड्यूटी कुल्लू में ही लगाई गई है जो व्यवस्था को देखेंगे और बिजली - पानी को रिस्टोर करने की समीक्षा करेंगें।

### दिल्ली में 15-16 जुलाई के बाद तेज बारिश होने की संभावना

- **दिल्ली में 15-16 जुलाई के बाद तेज बारिश होने की संभावना**
- **दिल्ली में यमुना नदी बुधवार को 207 मीटर के निशान को पार करते हुए 10 वर्षों में उच्चतम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई**
- **उत्तराखंड के हरिद्वार, गढ़वाल और कुमाऊं मंडल की अधिकांश नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को छू गया है**
- **रुद्रप्रयाग में भूस्खलन के कारण ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग वाहन यातायात के लिए बंद कर दिया गया**
- **हिमाचल में बाढ़ से अभी तक 80 लोगों की मौत हो चुकी है। हिमाचल प्रदेश में 470 पालतू पशुओं की मौत हुई है**
- **हिमाचल में बारिश से 100 मकानें पूरी तरह से ध्वस्त**
- **पहाड़ से पत्थर गिरने की वजह से ऋषिकेश-बद्रीनाथ नेशनल हाइवे पर लंबा जाम लग गया**
- **उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश के कारण चमोली में पहाड़ी ढह गई**
- **यमुना में बढ़े जलस्तर को लेकर सीएम केजरीवाल ने गृह मंत्री शाह को पत्र लिखा है।**
- **हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चंद्रताल झील का हवाई निरीक्षण किया**
- **हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने जिला प्रशासन के साथ बैठक कर बारिश के कारण उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की**



## हथिनी कुंड बैराज से छोड़े जाने वाले पानी को लेकर केजरीवाल ने लिखा शाह को पत्र

**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को यमुना के बढ़ते जल स्तर पर पत्र लिखा है। इसमें मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया है कि हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से पानी सीमित गति से छोड़ा जाए ताकि बाढ़ जैसे हालात ना बने। अपने पत्र में दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी में पिछले कुछ दिनों से तेज वर्षा नहीं हो रही है। ऐसे में यमुना का जलस्तर बढ़ने का मुख्य कारण हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से छोड़ा गया पानी है। केजरीवाल ने कहा कि सेंट्रल वाटर कमीशन के अनुसार आज रात में यमुना का जल स्तर 207.72 मीटर पहुंच जाएगा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है और कुछ ही समय में यहां जी-20 सम्मेलन भी होना है। ऐसे में दिल्ली में बाढ़ से दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा।

## सीएम खट्टर ने अंबाला में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा



**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सबसे पहले जलभराव वाले इलाकों से पानी की निकासी के साथ-साथ लोगों के लिए खाने-पीने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके अलावा, खेतों से भी पानी की निकासी की जाए क्योंकि यह बुआई का मौसम है, इसलिए किसानों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने बारिश जनित घटनाओं में मारे गए परिजनों को चार लाख रुपये का मुआवजा देने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को गत दिनों राज्य में हुई भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के लिए लगभग 4-5 जिलों का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अंबाला में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की और जिले में बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नाव के अलावा अब बुधवार से एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर के जरिए भी गांव-गांव तक भोजन पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब पानी बढ़ रहा है, इसलिए जींद, फतेहाबाद, फरीदाबाद,पलवल और सिरसा जिलों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने जिलों में माली नुकसान का आकलन करें। जिन गरीब परिवारों के घरों का नुकसान हुआ है, उन्हें तुरंत सरकार की ओर से मदद पहुंचाई जाएगी। इसके अलावा, आपदा प्रबंधन फंड से भी सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पानी की निकासी के लिए यदि प्रशासन को और अधिक पंपों की आवश्यकता है तो वे तुरंत अपने स्तर पर व्यवस्था करें या मुख्यालय को सूचित करें। पानी की निकासी के बाद इलाकों में सफाई पर जरूर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी फील्ड में उतरकर कार्य करें। आपात सेवाओं जैसे बिजली व पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी इलाकों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करें। जहां पाइपलाइन से जलापूर्ति अभी संभव नहीं है, उन इलाकों में पानी के टैंकरों की सप्लाई सुनिश्चित करें।

## बाढ़ की सटीक जानकारी देना होगा संभव... हिमाचल प्रदेश-उत्तराखंड जैसी बाढ़ से बचेंगी लोगों की जान

**बाढ़** के कारण हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड से लेकर दिल्ली तक में लोगों की जान मुसीबत में फंसी हुई है। लेकिन जल्द ही किसी भी क्षेत्र में, विशेषकर शहरी इलाकों में आने वाली बाढ़ की सटीक जानकारी देना संभव होगा। बाढ़ की सही जानकारी मिलने पर एजेंसियां लोगों को समय रहते सुरक्षित ठिकानों तक पहुंचा सकेंगी और लोगों के जानमाल की सुरक्षा हो सकेगी। एनडीएमए, आईएमडी और टेरी के सहयोग से बने इस बाढ़ अलर्ट सिस्टम (जिसे फ्लड अर्ली वार्निंग सिस्टम नाम दिया गया है) से किसी भी क्षेत्र में आने वाली बाढ़ की तीन दिन पहले सटीक जानकारी देना संभव होगा। अभी इस सिस्टम का ट्रायल असम के गुवाहाटी में चल रहा है। इसके अच्छे परिणाम मिले हैं। कुछ सुधार के बाद राज्य सरकारें इसे अपने यहां इस्तेमाल कर सकेंगी।



इस फ्लड अर्ली वार्निंग सिस्टम से किसी क्षेत्र में आने वाली बाढ़ की पूर्व सूचना देने के लिए विभिन्न विभागों से मिलने वाले आंकड़ों का गहराई से अध्ययन किया जाता है। जैसे भारत मौसम विभाग से उस क्षेत्र में होने वाली बारिश की संभावना के आंकड़े एकत्र किया जाते हैं। शहर विशेष में बड़े नालों, छोटी नालियों सहित सभी जल निकासी के मार्गों और तालाबों-झीलों में जल संग्रह की अधिकतम क्षमता का आकलन किया जाता है। शहर के नालों-नालियों की सफाई और सिल्ट निकालने का काम कितना पूरा हुआ है, इसकी पूरी जानकारी संबंधित नगर निगम या राज्य सरकारों से प्राप्त किया जाता है। इसके बाद यह अनुमान लगाया जाता है कि उस क्षेत्र में होने वाली बाढ़ का कितना पानी जल निकासी मार्गों से समय रहते निकाला जा सकता है और कितना पानी शहर में अतिरिक्त होगा, जो बाढ़ का कारण बनेगा।

## दोहरी नीति अपनाती है बीजेपी: ममता

**कोलकाताः पश्चिम** बंगाल पंचायत चुनाव के दौरान हिंसा में मारे गए लोगों को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का बयान सामने आया है। उन्होंने फैक्ट फाइंडिंग टीम को लेकर सवाल खड़े किए हैं। बनर्जी ने पूछा कि जब मणिपुर और असम जल रहा था तब फैक्ट फाइडिंग टीम कहां थी। उन्होंने आरोप लगाया कि ये भाजपा की उकसावे वाली समितियां हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, 'जब (जातीय हिंसा से) मणिपुर जल रहा था तब फैक्ट फाइंडिंग टीम कहां थी? जब




एनआरसी के कारण असम जल रहा था तब यह टीम कहां थी? कितने आयोगों ने इन स्थानों का दौरा किया? 2 साल के भीतर, 154 टीमों ने पश्चिम बंगाल का दौरा किया है। ये भाजपा की उकसावे वाली समितियां हैं, फैक्ट फाइंडिंग समितियां नहीं।

### अर्जी लगाने के लिए लगी थी भीड़, गर्मी-उमस से बेहोश हुए, गिरने से कई चोटिल

## बागेश्वर वाले बाबा के कार्यक्रम में भगदड़, 10 घायल

**गौतम बुद्ध नगरः ग्रेटर** नोएडा में बागेश्वर वाले बाबा पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दिव्य दरबार में बुधवार को भीड़ ज्यादा होने से भगदड़ मच गई। गर्मी-उमस होने से कई लोग बेहोश हो गए। 10 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के वक्त कार्यक्रम में 5 लाख से ज्यादा लोग मौजूद थे। दरबार में अर्जी लगाने की होड़ मची थी। भीड़ बेकाबू हो गई और अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि वीआईपी पास से पीछे छोटे से गेट से एंट्री करवाई जा रही थी, वहां पर



बिजली के तार होने से एक महिला को करंट लगा है। घायल हुए लोगों में ज्यादातर बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं हैं। फिलहाल पुलिस ने हालात पर काबू पा लिया है। पंडाल में अभी भी 1 लाख से ज्यादा लोग कथा सुनने के लिए मौजूद हैं। ग्रेटर नोएडा के जैतपुर में बागेश्वर सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा चल रही है। बुधवार को बड़ी संख्या में लोग दिव्य दरबार में शामिल होने पहुंचे थे।

भीड़ अधिक होने से हालात बेकाबू हो गएः कार्यक्रम के लिए आयोजकों तीन पंडाल लगाए थे और तीनों भर गए थे। पंडाल के बाहर भी भक्तों की भीड़ लगी रही। बड़ी संख्या में वीवीआईपी पास जारी किए गए थे, लेकिन भीड़ को देखते हुए वीआईपी एंट्री पहले ही बंद कर दी गई थी।

## इंडियन मुजाहिदीन के चार आतंकियों को दस-दस साल की सजा

**नई दिल्लीः दिल्ली** के पटियाला हाउस कोर्ट ने इंडियन मुजाहिदीन से जुड़े चार आतंकियों को 10 साल की कैद की सजा सुनाई है। स्पेशल जज शैलेंद्र मलिक ने मोहम्मद दानिश अंसारी, आफताब आलम, इमरान और ओबैद-उर-रहमान को सजा सुनाई। चारों पर देश के विभिन्न हिस्सों में हुई आतंकी वारदातों की साजिश रचने का आरोप था। इनको देश में आतंकी हमलों के जरिए सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की आपराधिक साजिश रचने के लिए 2012 के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद सजा सुनाई गई है। इन पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए देशभर युवाओं को रिक्रूट करने की साजिश में शामिल होने का आरोप था। पाकिस्तान के आतंकी सरगना की मदद से ये देश में स्लीपर सेल स्थापित करते थे ।

## कैबिनेट से जन विश्वास विधेयक में संशोधन को मंजूरी!

**नई दिल्ली : केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक, 2023 को संभवतः मंजूरी दे दी। इसमें कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 42 अधिनियमों में 183 प्रावधानों में संशोधन कर छोटी-मोटी गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी से हटाने का प्रस्ताव किया गया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इसमें 19 मंत्रालयों से जुड़े 42 अधिनियमों के 183 प्रावधानों में संशोधन करने का प्रस्ताव है। सूत्रों ने कहा कि यह विधेयक बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा के लिए आया।

पीयूष गोयल ने पेश किया था विधेयकः वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पिछले साल 22 दिसंबर को लोकसभा में जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक पेश



किया था। इसके बाद विधेयक को विचार के लिये संसद की संयुक्त समिति के पास भेज दिया गया।

रिपोर्ट को मार्च में दिया गया अंतिम रूपः समिति ने विधायी और विधि मामलों के विभागों के साथ-साथ सभी 19 मंत्रालयों के साथ विस्तृत चर्चा की है। रिपोर्ट को इस साल मार्च में अंतिम रूप दिया गया। उसी महीने उसे राज्यसभा और लोकसभा में पेश किया गया।

समिति ने दिए थे ये सुझावः संसदीय समिति ने केंद्र को कारोबार तथा जीवनयापन को सरल बनाने को बढ़ावा देने के लिये जन विश्वास विधेयक की तर्ज पर छोटे मामलों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने के लिये राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया था। समिति ने कहा था कि सरकार को पिछली तिथि से प्रावधानों में संशोधन करना चाहिए। इससे अदालतों में लंबित मामलों को निपटान में मदद मिलेगी। समिति ने यह भी सिफारिश की थी कि मुकदमों में वृद्धि से बचने के लिये जहां भी संभव हो कारावास के साथ जुमार्ने को हटाकर नियम का उल्लंघन करने पर मौद्रिक दंड लगाया जाए।

छोटे-मोटे अपराधों को अपराधमुक्त करने का प्रस्तावः विधेयक में छोटे-मोटे अपराधों को अपराधमुक्त करने के प्रस्ताव के अलावा अपराध की गंभीरता के आधार पर मौद्रिक दंड को तर्कसंगत बनाने, भरोसे पर आधारित राजकाज को बढ़ावा देने का भी प्रस्ताव किया गया है।

## टमाटर की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करेगा केंद्र

### केंद्र ने नेफेड, एनसीसीएफ को आंध्र, कर्नाटक से टमाटर खरीदने का निर्देश दिया

**नई दिल्लीः केंद्र** सरकार ने टमाटर की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नेफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) को आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र की मंडियों से टमाटर खरीदने और उन्हें दिल्ली-एनसीआर सहित प्रमुख केंद्रों में वितरित करने का निर्देश दिया है, जहां पिछले एक महीने में कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने बुधवार को एक बयान में यह



जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि टमाटर का स्टॉक इस सप्ताह शुक्रवार तक दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में उपभोक्ताओं को रियायती कीमतों पर खुदरा दुकानों के माध्यम से वितरित किया जाएगा।


# भाकियू पदाधिकारियों ने निकलवाया खून, सीएम को लिखी पाती

## बारा तहसील प्रशासन से नहीं मिला न्याय, गुरुवार को राजधानी के लिए करेंगे पैदल मार्च

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** टंडनवन की भूमि को भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराने, वन भूमि पर अवैध कब्जा कराने के आरोपी दरोगा को बर्खास्त करने, ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को मुआवजा व आदिवासी, मुसहर परिवार को मुख्यमंत्री आवास देने की मांग को लेकर किसानों का धरना-प्रदर्शन बारा तहसील मुख्यालय पर 13वें दिन भी जारी रहा।

अपने निर्धारित प्रोग्राम के मुताबिक भाकियू (भानु) के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने खून निकलवाया और खून से ही विभिन्न मांगों से संबंधित पत्र मुख्यमंत्री को लिखा। भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि अब इसी पत्र के साथ 13 जुलाई, गुरुवार से लखनऊ के लिए पैदल मार्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को खून से खत लिखने के लिए भारतीय किसान यूनियन (भानु) के मंडल अध्यक्ष राजीव चंदेल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी, ज़िलाध्यक्ष युवा मोर्चा धर्मेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष दीपक तिवारी,मंडल उपाध्यक्ष एसबी पाल और सूरज कली शामिल रहीं। खून निकलवाने के बाद सभी ने खून को स्याही के रूप में इस्तेमालकरते हुए मांगों से संबंधित पत्र लिखा। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के बैनर तले धरने पर बैठे किसानों का कहना है कि बारा तहसील प्रशासन से उन्हे न्याय मिलना मुश्किल है। इसलिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि न्याय के लिए 13 जुलाई को बारा से पैदल यात्रा कर मुख्यमंत्री से मिलने लखनऊ जाएंगे। मुख्यमंत्री को टंडन वन की भूमि को भूमि माफियाओं से मुक्त करने, ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को मुआवजा देने, आदिवासी परिवारों को आवास देने के मांग की जाएगी। भारतीय किसान यूनियन के किसान-मजदूर बीते 30 जून से बारा तहसील में धरने पर बैठे हैं। सैकड़ों की संख्या में धरने पर बैठे किसानों-मजदूरों से उप जिलाधिकारी बारा की तीन चरणों में वार्ता हो चुकी है, जिस पर उपजिलाधिकारी बारा द्वारा गठित राजस्व टीम व वनविभाग के अधिकारियों के समक्ष टंडन वन की पैमाइश कराई गई, जिसमें वन विभाग की सैकड़ों बीघे भूमि पर स्थानीय लोगों द्वारा अवैध कब्जा पाया गया। वन दरोगा उदयभान की तहरीर पर अकौरिया ग्रामसभा के 13 अवैध कब्जा धारकों के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 26 व 63 सी के तहत बारा थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई। वहीं ग्राम बसहरा उपरहार में वन विभाग की जमीन को अवैध रूप से काश्तकारों को आवंटित पट्टे को निरस्त करने की संस्तुति उप जिलाधिकारी द्वारा कर दी गई है, लेकिन धरने पर बैठे भारतीय किसान यूनियन भानु के मंडल अध्यक्ष राजीव चंदेल का आरोप है कि टंडन वन की पैमाइश व सीमांकन का कार्य कब्जा धारकों को बचाने के लिए किया जा रहा है। टंडन वन की भूमि पर अवैध कब्जा वन विभाग के अधिकारियों की सह पर किया गया है। रिपोर्ट दर्ज होने पर यह बात साबित हो चुकी है कि टंडन वन पर अवैध कब्जा है, इसलिए वन विभाग के दरोगा को निलंबित किया जाना चाहिए। भाकियू भानु के मंडल महासचिव केके मिश्र ने बताया कि मांग पूरी न होने पर 13 जुलाई को मुख्यमंत्री से मिलने के लिए किसान पैदल लखनऊ जाएंगे। लखनऊ जाने के लिए एसडीएम बारा को ज्ञापन देकर सूचित कर दिया गया है। अनिश्चितकालीन धरने में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी, मंडल उपाध्यक्ष एसबी पाल, जिला उपाध्यक्ष दीपक तिवारी, तहसील संगठन मंत्री लल्लू आदिवासी, श्याम सुंदर आदिवासी, ब्लाक अध्यक्ष जसरा रामबहादुर कुशवाहा, ब्लाक अध्यक्ष शंकरगढ अध्यक्ष अरुण कुमार, ब्लाक महासचिव बसंत बहादुर बिंद, मीडिया प्रभारी पंकज मिश्र, रमेश पटेल मौजूद रहे।









# मजदूरों से भरी अप्पे पलटी आधा दर्जन घायल, चालक गंभीर

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** बुधवार की सुबह बारा के लोहगरा से एक अप्पे कई मजदूरों को बैठाकर शहर जा रही थी कि जैसे ही इरादतगंज बाजार हाईवे पर पहुंची कि अप्पे अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। जिसमें आधा दर्जन मजदूर अप्पे के नीचे दब घायल हो गए और चीख पुकार करने लगे। आसपास के लोगों ने मजदूरों को बाहर निकाला सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए सीएचसी जसरा ले गए। घायलों में दया संकर साकेत 26, पुष्पराज साकेत 28, सुमितआदिवासी 25, विकास कुमार 24, वाकसूदन आदिवासी 23, शिवम आदिवासी 23 निवासीगण नीबी लोहगरा। अप्पे चालक महावीर 28 गंभीर रूप से घायल हो गया।

# सीएम ने जनप्रतिनिधियों से संवाद कर पौधरोपण के लिए किया प्रेरित

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** ग्रामीण क्षेत्रों में पौधरोपण को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बुधवार को जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। दोपहर साढ़े तीन बजे के कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष और सदस्यगण, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, सदस्य क्षेत्र पंचायत, ग्राम प्रधान और सदस्य भागीदारी किया। पंचायती राज विभाग के निर्देश के बाद भी विकास खंड में कोई तैयारी नही की गई।यहां तक कि प्रमुख द्वारा कार्यालय में की गई व्यवस्था में भी बिजली के अभाव में बैठक में भाग लेने वाले गर्मी से प्रेषण दिखे।ब्लॉक का जनरेटर तेल के अभाव में शांति बनाए रखा,जिससे लोगों में खासा आक्रोश रहा।वर्चुअल बैठक में सीएम ने प्रदेश भर में पौधरोपण अभियान को सफल बनाने के लिए सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वाहन किया। इसको लेकर सीएम ने ग्राम स्तर पर लगभग एक हजार पौधे लगाने का लक्ष्य दिया है।इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों के लिए पौधरोपण का निर्धारण किया।उन्होंने कहा कि इस वर्ष 35 करोड़ पौधे लहगने लक्ष्य है, जिसमें सभी के सहयोग की अपेक्षा की है।इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र,प्रधान संघ जिला प्रभारी अनिल शुक्ला, मंडल मंत्री मेजा संजय तिवारी, बीडीसी राकेश तिवारी,राहुल मिश्र, प्रधान पंकज राव,देवकर पांडेय,शीतला प्रसाद,इसरार अली आदि मौजूद रहे।

## खाद बीज की दुकान में नकदी समेत लाखों की चोरी

**घूरपुर।** थाना क्षेत्र के भीटा विद्युत सब स्टेशन के पास एक खाद बीज की दुकान में चोर नकदी समेत लाखों का सामान उठा ले गए ।भुक्तभोगी ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है। बादलगंज गांव निवासी अनूप कुमार जायसवाल की घूरपुर प्रतापपुर मार्ग पर विद्युत उप केंद्र भीटा के पास खाद बीज की दुकान है। अनुप बुधवार की रात दुकान बंद कर घर चले आए थे। बृहस्पतिवार की सुबह पड़ोसियों ने दुकान का दरवाजा खुला देखा तो दूकानदार को सूचना दी । अनूप भागते हुए पहुंचे, देखा तो पूरे दुकान का सामान बिखरा था। काउंटर में बने गल्ले को तोड़कर चोर पचहत्तर हजार नकद और लगभग एक लाख रुपए के हाइब्रिड बीज उठा ले गए थे। सूचना पर पहुंची घूरपुर पुलिस मामले की छानबीन कर रही।

**बाईक चोरी के साथ एक गिरफ्तार**

**घूरपुर।** बुधवार की सुबह भीटा विद्युत उपकेंद्र के समीप से गस्त के दौरान एक संदिग्ध बाईक सवार को रोका तो वह मौके से भागने लगा जिसे पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बाईक की कागजात नहीं दिखा सका। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने उठा लाई उसने अपना नाम शिवा जी निषाद पुत्र द्वारिका प्रसाद निवासी देवरिया बीकर घूरपुर बताया। पुलिस ने केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पत्नी से दुष्कर्म के आरोपी सिपाही की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पत्नी से दुष्कर्म के आरोपी सिपाही को राहत देते हुए उसकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार को दो हफ्ते में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अंजनी कुमार मिश्रा और विवेक कुमार सिंह की खण्डपीठ ने याची रणधीर पटेल और एक अन्य की ओर से एफआईआर को चुनौती देने वाली याचिका पर याची अधिवक्ता सुनील चौधरी और शिकायतकर्ता के अधिवक्ता मनोज कुमार यादव को सुन कर दिया। मामला प्रयागराज जिले के थाना जार्जटाउन का है। याची के अधिवक्ता का कहना था कि याची और शिकायतकर्ती की पुत्री ने परिजनों की मर्जी के खिलाफ शादी की थी। यूपी पुलिस में सिपाही पद पर चयन होने पर याची ट्रेनिंग पर चला गया था। इस दौरान सिपाही और उसकी पत्नी के बीच बातचीत नहीं हो सकी, तो पत्नी की मां ने याची और उसके परिजनों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवा दी है। याची और उसकी पत्नी के बीच पारिवारिक न्यायालय में वैवाहिक पुर्नस्थापना का वाद भी लंबित है।

## डिवाइडर से टकराई प्रतापगढ़ डिपो की बस बाल बाल बचे यात्री

**मऊआइमा।** रोडवेज बस चालक की नींद की झपकी आने से रोडवेज बस डिवाइडर से टकरा कर खम्बे और जाली तोड डाली। ग्रामीणों द्वारा सभी यात्रियों को सकुशल बस से निकाला गया। गनीमत रही कि बाल बाल बच गये मालूम हो कि बुधवार को लगभग तीन बजे प्रतापगढ़ डिपो की बस प्रयागराज से प्रतापगढ़ के सवारियों से भरी बस जा रही थी। बताते हैं कि जैसे वह मऊआइमा ब्लाक चौराहे से थाना पडाव के बीच जोगापुर के पास पहुंची चालक को नींद की झपकी आ गई। वह बस लेकर डिवाइडर की जालियों को तोडते हुए खम्बे को तोड कर बंद हो गई। यात्रियों के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने सभी यात्रियों को सकुशल सुरक्षित बस के अन्दर से निकाले। अन्यथा काफी लोगों की जान चली जाती। सूचना पाकर मऊआइमा थाने की पुलिस भी पहुंच कर सवारियो की मदद की।

## न्यूज झरोखा

### इंटर कालेज में राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने किया पौधरोपण



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ स्टेट के राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को पौधरोपण कर जनसामान्य से भी पौधरोपण करने की अपील की। उन्होंने राजा कमलाकर इंटर कालेज, शंकरगढ़ परिसर में फलदार और छायादार पौधे लगाए। पौधरोपण के उपरांत राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पौधरोपण का महत्व समझाया। कहा, धरती पर जब तक पेड़-पौधे हैं, तभी तक इंसानों का वजूद है। इन्ही के द्वारा हम सभी के लिए प्राणवायु बनाई जाती है। कालेज के प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने भी पौधा लगाया और बच्चों से अपने घर व आसपास पौधे लगाने की अपील की। प्रधानाचार्य ने कहा कि पौधरोपण कर हम प्रकृति को संरक्षित करने का कार्य करते हैं। बढ़ते उद्योगीकरण में प्रकृति का संरक्षण बहुत जरूरी है। पौधों से ही हमें शुद्ध वातावरण प्राप्त होता है। इसके अलावा भी वृक्ष हमारे जीवन को नाना प्रकार से लाभांवित और प्रभावित करते हैं। पेड़ों से हमें भरपूर, शुद्ध आहार तो मिलता ही है, साथ ही साथ तमाम प्रकार की दवाएं भी पेड़-पौधों से ही बनती हैं। इस मौके पर के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### कांवडियों की सेवा करना पुण्य का कार्य, शिविर का हुआ शुभारंभ



**झूंसी।** कांवडियों के सेवार्थ के लिए बुधवार को प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर झूंसी पुलिया के पास शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा के गंगापार अध्यक्ष अश्विनी द्विवेदी तथा वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी संजय मिश्र बनकटा ने फीता काटकर किया। शिविर का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी संजय मिश्र बनकटा की ओर से किया गया। शिविर के शुभारंभ पर गंगापार अध्यक्ष अश्विनी द्विवेदी ने कहा कि कांवडियों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। कहा कि इनकी सेवा करने से सीधे भगवान भोलेनाथ की कृपा आप पर बनी रहेगी। संजय मिश्र बनकटा ने बताया कि कांवडियों के लिए लगाया गया शिविर अगले डेढ़ माह तक संचालित रहेगा। इस दौरान 24 घंटे कांवडियों की सेवा के तहत उन्हे चाय-नाश्ता और पानी पिलाया जाएगा। इस मौके पर भाजपा गंगापार महामंत्री मनोज निषाद, दिलीप निषाद, सुमीत निषाद, कुंवर मृगेंद्र प्रताप सिंह, सत्या तिवारी, आरती अग्रवाल,सुनीता उपाध्याय, श्यामधर मिश्र, महेंद्र निषाद, पवन पांडेय, आशुतोष त्रिपाठी, रीता त्रिपाठी, राजेश्वरी पांडेय, मधु पांडेय, वरूण गिरि,दुर्गेश पासी, दिलीप मिश्र आदि मौजूद रहे।

### अमित गुप्ता ने उपजिलाधिकारी का पद भार संभाला



**मेजा।** मेजा में तैनात नवागत एसडीएम अमित गुप्ता ने बुधवार को पद भार संभाल लिया है। पद भार संभालते ही अपनी जिम्मेदारी के प्रति सजग दिखे। मूल रूप से फतेहपुर के 2016 बैच के पीसीएस अधिकारी अमित गुप्ता ने कई तहसीलों में अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया।उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करना उनकी प्रथामिकता होगी। शासन द्वारा चलाए जा रही योजनाओं को अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और पीड़ित जनता को न्याय मिले ,यही मेरा प्रयास रहेगा। नवागत एसडीएम ने बुधवार को पद भार संभालते ही तहसील कर्मचारियों और अधिवक्ताओं से औपचारिक मुलाकात कर कोर्ट में बैठे और एक सप्ताह के बाद कोर्ट सुचारू रूप से चली। नवागत एसडीएम के आगमन से अधिवक्ताओं में खुशी देखने को मिली।

### रास्ते के विवाद को लेकर एक को लोहे की राड से मार कर किया लहुलुहान , मुकदमा दर्ज



**मऊआइमा।** मऊआइमा के कहली बादल पुर गांव में रास्ते के विवाद को लेकर एक को लाठी डंडों ,लोहे की राड से पीट कर लहूलुहान कर दिया गया। पुलिस ने चार नामजद अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के कहली बादलपुर गांव निवासी शहजादे खान पुत्र महबूब खान का आरोप है कि उसके विपक्षी उसके आने जाने का रास्ता बंद कर रहे थे। मना करने पर सभी एक राय होकर उसे लाठी डंडा और लोहे की राड से मार कर लहुलुहान कर दिए। शहजादे खान का आरोप है कि वह जान बचा कर बगल शमसुद्दीन के घर में घुस कर किसी तरह जान बचाई। ग्रामीणों के आने पर सभी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। शहजादे खान को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। जहां डाक्टरों ने रिफर कर दिए। पुलिस ने सरफराज ,शहनवाज ,कलीम ,इमरान और अन्य अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



# पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं, निष्पक्ष करें पत्रकारिता : जगदम्बा शुक्ल

**अजय द्विवेदी बने यमुनापार मीडिया प्रभारी, बारा तहसील अध्यक्ष बने राजेश चतुवेर्दी**

**घूरपुर।** पत्रकारों का उत्पीड़न किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। चाहे वह शासन प्रशासन के द्वारा हो या नेता माफियाओं के द्वारा। पत्रकार निडर निर्भीक होकर निष्पक्ष पत्रकारिता करें। उक्त बातें बुधवार के दिन गौहनिया में आयोजित नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक जगदम्बा शुक्ल ने बारा तहसील इकाई की बैठक में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा। आगे कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ है। इस बीच बारा तहसील इकाई का गठन किया गया। जिसमे यमुनापार जिला मीडिया प्रभारी अजय द्विवेदी, बारा तहसील अध्यक्ष राजेश चतुवेर्दी, उपाध्यक्ष राजेश निषाद, मुख्य महासचिव परवेज आलम, महासचिव एस पी सिंह, मीडिया प्रभारी आलोक शुक्ल, संगठन सचिव मयंक शुक्ल को नियुक्त किया गया। बैठक में मंडल अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी, मंडल उपाध्यक्ष आर के शर्मा, यमुनापार उपाध्यक्ष मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी, जिला मीडिया प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी, मोसीम खान, नियामत हुसैन, राशिद, राजकरन पटेल, राजेश सरकार, अर्पित कुशवाहा, अशोक कुमार आदि दर्जनों पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# सराफा व्यापारी के यहां हुई लाखों की लूट का पुलिस ने किया खुलासा

**अखंड भारत संदेश**




**सिरसा।** मेजा क्षेत्र मिजार्पुर प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मेजारोड़ बाजार में पिछले बुधवार को देर रात हुई व्यवसाई की दुकान में दुस्साहसिक चोरी का खुलासा पुलिस व एसओजी टीम को बड़ी सफलता मिली है। दो सप्ताह पहले मेजारोड बाजार में पुलिस चौकी के सामने कारोबारी को बंधक बनाकर तमंचे के बल पर लाखों के आभूषण व लाखों नगदी बदमाशों ने पार कर दिया था। उसके बाद से पुलिस बदमाशों तक पंहुचने के लिए सीसीटीवी फुटेज व पुछताछ कर रही थी। वहीं दो सप्ताह बाद मंगलवार 11 जुलाई को मेजा पुलिस व एसओजी टीम ने सफलता हासिल करते हुए तीन अंतर्राज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी के सामान व एक लाख दो हजार रुपए नगदी बरामद किया है।ज्ञात हो कि 28/29 जून की रात्रि अज्ञात बदमाशों ने तमंचे के बल पर मेजारोड पुलिस चौकी के सामने कारोबारी विजय जायसवाल के घर में पीछे के रास्ते से घुसकर तमंचे के बल पर बंधक बनाकर लाखों के आभूषण व लाखों नगदी लूट ले गए थे। भोर में कारोबारी की पत्नी प्रीति जायसवाल के शोर मचाने पर पुलिस पंहुची। पुलिस व एसओजी टीम ने सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से पता लगाने में जुट गई। वहीं मंगलवार 11 जुलाई को थानाध्यक्ष मेजा राजेश उपाध्याय, उपनिरीक्षक रामभवन वर्मा चौकी प्रभारी मेजारोड,उपनिरीक्षक अखिलेश सिंह चौकी प्रभारी कोंहडार, उपनिरीक्षक रंजीत सिंह प्रभारी एसओजी यमुनानगर ने पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मेजा-कोरांव मार्ग पर स्थित बाबा रसगुल्ला की दुकान से तीन सौ मीटर आगे कोरांव की तरफ से लूट के आरोपी अनिकेत गोंड उर्फ जालिम गोंड पुत्र शिवपाल गोंड निवासी हरदी मघडाडी थाना गूढ़ जनपद रीवा मध्यप्रदेश, श्याम सुंदर गौड़ पुत्र श्रीनिवासन गौड़ रोझौही थाना गढ़ जनपद रीवा मध्यप्रदेश, व बच्ची लाल पुत्र पियरी गौड़ निवासी पनगढ़ी थाना गढ़ जनपद रीवा मध्यप्रदेश, को गिरफ्तार कर कब्जे से दो जोड़ी कंगन पीली धातु, चार जोड़ी झुमका पीली धातु, दो जोड़ी नथ पीली धातु, छः अदद लॉकेट मंगल सूत्र पीली धातु, एक जोड़ी टाप्स , दो सफेद धातु के जेवरात वजन करीब 500 ग्राम, एक लाख दो हजार नगद व चोरी में प्रयुक्त दो बाइक बरामद किया गया।मामले में एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद ही से पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम सीसीटीवी फुटेज, नेटवर्किंग सहयोग व विभिन्न पहलुओ पर जांच-पड़ताल में जुटी हुई थीं। जांच-पड़ताल में पाया गया कि घटना में अंतरराष्ट्रीय गैंग के तीन सदस्यो को चोरी के समान, आभूषण नगदी व चोरी में पयुक्त बाइक बरामद किया गया। चोरी के घटना में शामिल तीनो आरोपियों के खिलाफ मध्यप्रदेश प्रदेश के थाना गूढ़ व थाना गढ़ सहित कई थानों में दर्जनों आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। जिसमे इन चोरो ने घर मे घुसकर चोरी की घटना को अन्जाम दिया। जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया।

# भागवत कथा के पांचवे दिन कृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन

**अखंड भारत संदेश**

**जारी।** कस्बे में चल रही भागवत कथा में पांचवे दिन श्री कृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत प्रगट उत्सव बड़ी श्रद्धा धूम धाम से मनाया जा रहा है। भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म बाल लीलाओं का वर्णन किया। इस भागवत कथा में कथा वाचिका के सानिध्य में किशोरी मनु प्रिया जी अपने मुखारविंद से कहा कि कृष्ण हिन्दू धर्म में विष्णु के अवतार हैं। कृष्ण के बाल लीलाओं में पूतना प्रसंग माखन चोरी का प्रसंग कालिया प्रसंग के बाद गोवर्धन पर्वत की पूजा की कथा सुनाई जब-जब इस पृथ्वी पर असुर एवं राक्षसों के पापों का आतंक व्याप्त होता है तब-तब भगवान विष्णु किसी किसी रूप में अवतरित होकर पृथ्वी के भार को कम करते हैं।वैसे तो भगवान विष्णु ने अभी तक तेईस अवतारों को धारण किया। इन अवतारों में उनके सबसे महत्वपूर्ण अवतार श्रीराम और श्रीकृष्ण के ही माने जाते हैं। इस कथा का आयोजन राधा माधव भक्त मंडली के सानिध्य में किया जा रहा है। जहां मंदिर परिसर पर कथा सुनने के लिए गुलाब देवी, गीता देवी ,माया देवी ,मीना केसरवानी, प्रतिभा केसरवानी, अर्चना अन्य समस्त जारी बाजार के व्यापारी एवं समस्त भक्त जन शामिल रहे।





# उरुवा ब्लाक में विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

### रैली निकालकर जनसमुदाय को किया गया जागरूक



**मेजा।** विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का शुभारंभ ब्लाक उरूवा चिकित्सा अधीक्षक डा० नीरज सिंह पटेल द्वारा किया गया। अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर सारथी वाहन को रवाना किया गया। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर से प्रारम्भ होकर चिरैया मोड़ होते हुए पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर पर समाप्त हुई ।इस अवसर पर अधीक्षक डा० नीरज सिंह पटेल द्वारा बताया गया की परिवार नियोजन में पुरुष भी अपनी अहम जिम्मेदारी निभाऐं एवं उन्होने यह भी बताया समस्त उपकेन्द्र पर एवं वी०एच०एन०डी० के दौरान बास्केट आफ च्वाइस का विकल्प लक्षित दम्पत्तियों के लिए उपलब्ध है। जिससे लक्षित दम्पत्ति परिवार नियोजन के किसी भी विकल्प को च्वाइस कर सकता है। इस दौरान जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया संगोष्ठी में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक आशीष द्विवेदी द्वारा जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े की सफलता हेतु प्रत्येक ए०एन०एम० एवं आशा को पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा परिवार नियोजन की आवश्यकता एवं इससे परिवार को होने वाले लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डा० दुष्यंत सिंह स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी सी०एस० वर्मा, बी०सी०पी०एम० हरमीत कौर, एस०टी०एस० अंकित पाण्डेय, श्रीमती पद्यमा चौधरी, मनोज सविता सहित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर का स्टाफ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### किशोरी को गर्भवती करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**झूंसी।** पुलिस ने किशोरी से कुकर्म करने वाले रिटायर्ड बिजली कर्मचारी को बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लेकिन अभी तक पीड़ित का मेडिकल नही हो पाया है। गुरुवार अल्ट्रासाउंड के बाद मेडिकल होगा। एक रिटायर्ड बिजली विभाग के लाइन मैन ने पड़ोस की रहने वाली किशोरी को बहाल फुसला कर साल भर से शारीरिक सम्बन्ध बना रहा था। दो दिन पहले परिजनों को जानकारी हुई तो पहले गांव में पंचायत हुई जब बात नही बनी तब मंगलवार की शाम पीड़ित का पिता किशोरी को लेकर थाने पहुच। पुलिस ने मामला दर्ज कर बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़ित गर्भावती बताई जा रही है। जिसे मेडिकल के लिए भेज गया था पर अल्ट्रसाउंड नही हो पाने के कारण मेडिकल गुरुवार को होगा।

# इलाहाबाद विश्वविद्यालयमें छात्र की वाटर कूलर का पानी पीने से मौत

**कई थाने की फोर्स लेकर आवास पर पहुंचा शव**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के आर्ट फैकल्टी में मंगलवार को दोपहर में मीडिया स्टडीज के छात्र आशुतोष दुबे की वाटर कूलर से पानी पीने के बाद तबियत बिगड़ गई। समय से ईलाज न मिलने की वजह से उसकी मौत हो गई।वही कई थाने की फोर्स लेकर स्थानीय आवास पर पहुचा तो कोहराम मच गया।मिली जानकारी के अनुसार उतरांव थाना क्षेत्र के आराखुर्द गांव के रहने वाले गणेश शंकर दुबे का इकलौता बेटा आशुतोष दुबे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में मीडिया स्टडीज के पांचवें सेमेस्टर का नियमित छात्र था। आशुतोष दुबे अल्लापुर में अपनी बुआ के लड़के के साथ रहकर पढ़ाई करता था। मंगलवार को दोपहर करीब 1 बजे आशुतोष दुबे ने परिसर में लगे वाटर कूलर से पानी पिया। कुछ देर बाद अचानक से उसकी तबियत बिगड़ गई। वह गश खाकर गिर पड़ा। जहा छात्रों ने इलाज के लिए लेकर भागे रास्ते मे हि मौत हो गई । मृत छात्र आशुतोष दुबे के पिता गणेश शंकर दुबे ने अपने इकलौते पुत्र की मौत का जिम्मेदार विश्वविद्यालय प्रशासन, कुलपति कुलसचिव, डीएसडब्लू, प्रॉक्टर को बताते हुए कर्नलगंज थाने में देर रात तहरीर दी है।मृतक छात्र आशुतोष दुबे के पिता गुलाब शंकर दुबे ने आरोप लगाया है कि उक्त जिम्मेदार लोगों की शिथिलता, अमानवीयता, घोर लापरवाही के कारण समय से उपचार न मिलने से



उनके बेटे की जान चली गई। उसके साथ पढ़ने वाले छात्र विश्वविद्यालय प्रशासन से ऐंबुलेंस की मांग करते रहे लेकिन गेट तक पहुंची एंबुलेंस को सुरक्षा कारणों से गेट पर तैनात गार्डों ने अंदर नहीं जाने दिया और कोई अन्य मदद भी नहीं मिली। इससे घंटों बिलंब हुआ और समय से इलाज न मिलने के कारण उनके बेटे की मौत हो गई।बता दें कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परिसर में आपातकालीन चिकित्सा के लिए एक एंबुलेंस और डॉक्टर की टीम हमेशा विश्वविद्यालय परिसर में ऑन पेपर तैनात रहती है लेकिन मौके पर मीडिया स्टडीज के छात्र की तबीयत बिगड़ी और वह तड़प- तड़प कर मर गया। उसे किसी भी तरह का प्राईमरी ट्रीटमेंट भी नहीं मिल पाया। जिसको लेकर छात्रों में काफी आक्रोश है। वहीं बुधवार को निवास स्थान आरा कला मे पीएम के बाद कर्नलगंज, जार्ज टाउन, उतराव, सराय ममरेज, हंडिया थाने की फोर्स लेकर शव पहुचा तो कोहराम मच गया। मौके पर एसीपी हंडिया सुधीर कुमार पहुँचे। मृतक तीन भाई बहनो मे दूसरे नंबर पर था। एकलौते पुत्र की मौत से माता मंजू देवी व चाचा राजेश दुबे व दो बहनो समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## मृत छात्र का शव कब्जे में लेने पर सड़क पर उतरे छात्र, मृतक छात्र के पिता भी धरने पर बैठे





**प्रयागराज।** छात्र की मौत के मामले में आक्रोशित छात्रों ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन के सामने बुधवार को चक्काजाम शुरू कर दिया। आक्रोशित छात्र मृतक छात्र का शव छात्रसंघ भवन पर लाने की मांग कर रहे हैं। छात्रों का कहना है कि शव को पहले छात्रसंघ भवन पर लाया जाए, इसके बाद उसके शव का पोस्टमार्टम कराया जाए। उधर पुलिस ने मृत छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने की तैयारी कर रही है। इसकी जानकारी होते ही छात्र सड़क जाम कर नारेबाजी कर रहे हैं। मौके पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई है। छात्रों के साथ मृतक आशुतोष के पिता भी सड़क पर बैठे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के ऊपर कार्रवाई की मांग की है। आक्रोशित छात्रों और इविवि प्रशासन के बीच तीखी झड़प और हाथापाई भी हुई।छात्र आशुतोष दुबे के पिता गणेश शंकर दुबे भी छात्रों के साथ इलाहाबाद विश्वविद्यालय में धरने पर बैठे हुए हैं। उनका आरोप है कि उनके पुत्र आशुतोष की मौत के लिए चीफ प्रॉक्टर, डीएसडब्ल्यू, रजिस्ट्रार और कुलपति जिम्मेदार हैं। मांग कर रहे हैं कि चारों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया जाए और बेटे की मौत का उचित मुआवजा मिले। गणेश शंकर दुबे का कहना है कि वे अपने पुत्र का शव इलाहाबाद विश्वविद्यालय लाना चाहते थे, ताकि अन्य छात्र अंतिम दर्शन कर पाते लेकिन पुलिस प्रशासन ने जबरदस्ती शव को गांव भेजवा दिया।

# प्रमुख सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन/आयुष विभाग नेविभागीय कार्यों की समीक्षा की

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रमुख सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्टेशन/ आयुष विभाग श्रीमती लीना जौहरी की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में प्रयागराज मण्डल के आयुष विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में राष्ट्रीय आयुष मिशन की केन्द्रीयकृत योजनाओं के सफल क्रियान्वयन, निरीक्षण एवं निगरानी हेतु जिला स्तर पर प्रत्येक जनपद में गठित जिला आयुष समिति के कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रमुख सचिव महोदया ने आयुष एचडब्लूसी/योग वेल्नेस सेंटर में योग प्रशिक्षक एवं योग सहायक की उपलब्धता एवं रिक्तियों की संख्या, आयुष एचडब्लूसी में हर्बल गार्डेन एवं पौधरोपण की स्थिति एवं जिला आयुष समिति के विभिन्न मदों में व्यय की अद्यतन स्थिति की विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने योग प्रशिक्षकों को समय से मानदेय दिए जाने एवं हर्बल गार्डेंन में वन विभाग व हार्टीकल्चर से समन्वय कर



औषधीय पौधों के इसी समय रोपित कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्रयागराज मण्डल के सभी जनपदों के सम्बंधित अधिकारियों से 50 शैय्यायुक्त एकीकृत आयुष चिकित्सालय के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति, आईपीडी की क्रियाशीलता, दवाओं के रख-रखाव सम्बंधी अभिलेख एवं अन्य सेवाओं के संचालन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने जनपद की समस्त आयुष चिकित्सा ईकाईयों में आयुर्वेदिक/ होम्योपैथिक/यूनानी दवाओं की प्राप्ति, रख-रखाव, वितरण, ओपीडी तथा डीबीटी के सम्बंधित अभिलेख अद्यतन बनाये रखने व मासिक रिपोर्ट को निर्धारित प्रारूप पर ससमय प्रेषित किए जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने सम्बंधित जनपदों में आयुष ग्राम का संचालन, लम्बित पेंशन प्रकरण, लम्बित मृतक आश्रित नियुक्ति प्रकरण व आशा/एएनएम कैसकेडिंग प्रशिक्षण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला आयुष सोसायटी की प्रत्येक माह बैठक कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने यूपीसिडको, आवास-विकास परिषद, यूपी आरएनएसएस आदि कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति के बारे में सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी ली व सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को कराये जा रहे निर्माण कार्यों की मानीटरिंग करते रहने व निर्माण कार्य को समय से गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है।

प्रमुख सचिव महोदया ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को पूर्ण होने वाले निर्माण कार्यों को हैण्डओवर किए जाने के पूर्व टेक्निकल टीम से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराये जाने व कार्य के संतोषजनक होने पर ही हैण्डओवर कराया जाये। होम्योपैथी, यूनानी व आयुर्वेद विभाग को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के लिए कहा है। इस अवसर पर मिशन निदेशक महेन्द्र वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, प्रयागराज मण्डल के सभी जनपदों के आयुष विभाग के अधिकारी एवं चिकित्सक गण उपस्थित रहे।

# गंगा-यमुना का जलस्तर रफ्तार से बढ़ रहा है



अखंड भारत संदेश

**नैनी प्रयागराज।** गंगा, यमुना का जलस्तर एक -एक सेमी प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रहा है। पिछले 24 घंटे (बुधवार सुबह आठ बजे तक) यमुना का जलस्तर बढ़ने की गति गंगा से अधिक थी 24 घंटे में गंगा का जलस्तर (फाफामऊ) 24 सेमी बढ़ा। इसी अवधि में यमुना के जलस्तर (नैनी) में 28 सेमी वृद्धि हुई। संगम का जलस्तर 29 सेमी बढ़ा। दोपहर 12 बजे फाफामऊ में गंगा का 77.62 मीटर, नैनी में यमुना 74.59 मीटर तथा संगम जलस्तर 74.16 मीटर था। सिंचाई विभाग के इंजीनियरों का कहना है कि गंगा, यमुना का जलस्तर लगातार बढेगा। उत्तराखंड में जबर्दस्त बारिश और दिल्ली में यमुना में आई बाढ़ का पानी भी प्रयागराज आएगा। इंजीनियरों के अनुसार अभी बाढ़ की संभावना नहीं है लेकिन गंगा, यमुना में किसी बैराज से लाखों क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है तो स्थिति गंभीर हो सकती है।

## न्यूज झरोखा

### नैनी यात्रीगण ध्यान दें, निरस्त रहेंगी 20 ट्रेने

**नैनी छिवकी रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली ट्रेनें प्रभावित**

**नैनी।** नैनी प्रयागराज पश्चिम रेलवे द्वारा लेस ओकुपेंसी के कारण रेलवे की ओर से 20 ट्रेनें निरस्त कर दी गई हैं। इसमें 18 ट्रेनें साप्ताहिक संचालित हो रही हैं जबकि 2 टेनें सप्ताह में 2 दिन संचालित होती हैं। इसमें मुंबई सेंट्रल-बनारस, अहमदाबाद पटना, सूरत-सूबेदारगंज, इंदौर-श्री माता वैष्णवो देवी कटरा समेत अन्य कई ट्रेनें शामिल हैं। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि निरस्त ट्रेनें 2-2 दिन के लिए निरस्त की गई हैं। जानिए, निरस्त होने वाली ट्रेनं के बारे में।

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | स्टेशन से-स्टेशन तक | आवृति | दिन | निरस्तीकरण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 09183 | मुंबई सेन्ट्ल-बनारस | साप्ताहिक | बुधवार | 19.07.23-30.08.23 |
| 2 | 09184 | बनारस-मुंबई सेन्ट्ल | साप्ताहिक | शुक्रवार | 21.07.23-01.09.23 |
| 3 | 09417 | अहमदाबाद-पटना | साप्ताहिक | सोमवार | 24.07.23-28.08.23 |
| 4 | 09418 | पटना - अहमदाबाद | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.07.23-29.08.23 |
| 5 | 09421 | अहमदाबाद-दरभंगा | साप्ताहिक | सोमवार | 17.07.23-28.08.23 |
| 6 | 09422 | दरभंगा-अहमदाबाद | साप्ताहिक | बुधवार | 19.07.23-30.08.23 |
| 7 | 09413 | अहमदाबाद-समस्तीपुर | साप्ताहिक | मंगलवार | 18.07.23-29.08.23 |
| 8 | 09414 | समस्तीपुर-अहमदाबाद | साप्ताहिक | गुरुवार | 20.07.23-31.08.23 |
| 9 | 09005 | वापी-इज्ज़तनगर | सप्ताह में 02 दिन | शुक्रवार, रविवार | 16.07.23-27.08.23 |
| 10 | 09006 | इज्ज़तनगर-वापी | सप्ताह में 02 दिन | शनिवार, सोमवार | 17.07.23-28.08.23 |
| 11 | 09025 | वलसाड-दानापुर | साप्ताहिक | सोमवार | 24.07.23-28.08.23 |
| 12 | 09026 | दानापुर-वलसाड | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.07.23-29.08.23 |
| 13 | 09097 | दानापुर-जम्मू तवी | साप्ताहिक | सोमवार | 17.07.23-28.08.23 |
| 14 | 09098 | जम्मू तवी-दानापुर | साप्ताहिक | मंगलवार | 18.07.23-29.08.23 |
| 15 | 09343 | डॉ.अम्बेडकर नगर-पटना | साप्ताहिक | शुक्रवार | 21.07.23-25.08.23 |
| 16 | 09344 | पटना-डॉ.अम्बेडकर नगर | साप्ताहिक | शनिवार | 22.07.23-26.08.23 |
| **17** | **09117** | **सूरत-सूबेदारगंज** | **साप्ताहिक** | **शुक्रवार** | **21.07.23-25.08.23** |
| **18** | **09118** | **सूबेदारगंज-सूरत** | **साप्ताहिक** | **शनिवार** | **22.07.23-26.08.23** |
| 19 | 09321 | इंदौर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा | साप्ताहिक | बुधवार | 26.07.23-30.08.23 |
| 20 | 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा-इंदौर | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.07.23-01.09.23 |

### 12 बोर तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार




**झूंसी।** थाना क्षेत्र में तमंचा लेकर घूमते हुए एक युवक को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह ने बताया कि छतनाग चौकी इंचार्ज नवीन सिंह को सूचना मिली कि छतनाग का पुष्पेंद्र गिरी तमंचा लेकर टहल रहा है। एसआई धर्मेंद्र यादव के साथ छतनाग चौकी इंचार्ज ने पुष्पेंद्र को गिरफ्तार कर उसके पास से 12 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद कर जेल भेज दिया।

### 13 के गुम हुए मोबाइल मिले एसीपी ने सभी को सौपे

**झूंसी।** एसीपी झूंसी आईपीएस चिराग जैन ने बुधवार को 13 लोगो के खोये हुए हुए मोबाइल प्रदान किये। जिसमे झूंसी थाने में तैनात दो महिला सिपाहियों के भी फोन थे। सभी अपने खोये हुए मोबाइल पा कर खुश हुए। एसीपी ने बताया कि क्षेत्र में खोए हुए मोबाइल को सर्विलांस की मदद से बरामद किया गया है। अमन तिवारी, सुरेश चौरसिया, सुरेंद्र कुमार यादव, असियम, संजीव कुमार मिश्रा, देवपाल सिंह, उमेश चन्द्र त्रिपाठी, सिपाही रंजू सोनकर, सिपाही ऋतु यादव, हेड कांस्टेबल राम अवतार, मिलन शर्मा, राम कारण यादव के खोये मोबाइल प्रदान किये गए।

### प्रयागराज समेत 11 जिलों में रसोई गैस की हो सकती है किल्लत

**प्रयागराज।** सावन माह में कांवड़ यात्रा के चलते प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर रूट डायवर्जन लागू है। वन वे ट्रैफिक होने से झूंसी के त्रिवेणीपुरम कॉलोनी के पास स्थित इंडेन गैस प्लांट से सिलिंडर लदे ट्रकों की निकासी नहीं हो पा रही। पिछले तीन दिनों से यहां से निकलने वाले ट्रकों की निकासी आधी रह गई है। वहीं गैस के टैंकर अनलोड होकर प्लांट के बाहर लाइन में खड़े हैं। गैस प्लांट के अफसरों का मानना है कि यही हालात रहे तो प्रयागराज समेत 11 जिलों में रसोई गैस की किल्लत हो सकती है।कांवड़ यात्रा निर्विघ्न रूप से संपन्न हो सके, इसके लिए प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर पिछले तीन दिनों से रूट डायवर्जन के प्लान को पूरी तरह से लागू कर दिया गया है। इसका असर यहां स्थित इंडेन गैस प्लांट से सिलिंडर भरे ट्रकों की निकासी पर पड़ा है। पिछले तीन दिनों में यहां से निकलने वाले ट्रकों की संख्या आधी हो गई है। प्लांट के अफसरों ने बताया कि दो शिफ्ट में सिलिंडरों में गैस की रिफिलिंग की जाती है।

# कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता का मनाया गया पुर्नप्राप्ति जन्मदिन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बुधवार को कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी पिछले 13 सालों से पुनर्राप्त जन्मदिवस मनाते हैं। आज नंदी की तरफ विशेष आयोजन किया गया । इसमें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी समेत आधा दर्जन से ज्यादा मंत्री हिस्सा लेने के लिए प्रयागराज पहुंचे। इसके लिए भव्य आयोजन किया गया था। आयोजन की शुरूआत नंद गोपाल नंदी ने परिवार के साथ रक्तदान करके किया। यहां करीब तीन लाख लोगों के प्रसाद और भोजन कराने की व्यवस्था की गई थी। बहादुरगंज इलाके की सभी दुकाने बंद थी। पूरे इलाके को फूल माला और झालरों से सजाया गया था। वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग के मंत्री सुरेश कुमार खन्ना रात में ही प्रयागराज पहुंचे गए थे। वह इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से भेंट करने के बाद सीधे बहादुरगंज स्थित मनोकामनापूर्ति शिवमंदिर पहुंचे। संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विभाग के राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी का भी आना तय था लेकिन उनका कार्यक्रम अपरिहा्य कारणों से स्थगित हो गया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला भी मनोकामनापूर्ति मंदिर पह डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक नंदी के घर जाने के पहले सर्किट हाउस पहुंचेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ यहां पर बैठक करेंगे और विभागीय कार्यों से संबंधित जानकारियां भी लेंगे। इसके बाद वह नंदी के घर जाएंगे। करीब 3:30 बजे वह बमरौली एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। नंदी बहादुरगंज स्थित प्राचीन मनोकामनापूर्ति शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की विशेष आराधना एवं पूजन अर्चन किया। देश के 12 ज्योतिलिंग का जल लेकर प्रयागराज पहुंचे ज्योतिलिंगों के पुजारी भगवान भोलेनाथ का विशेष रूद्राभिषेक किया। इस दौरान विविध आयोजन किए गए। 13 वर्ष पहले जिस दिन बहाद्रगंज इलाके में बम ब्लास्ट कर रक्त बहाया गया था, उसी दिन मंत्री सुबह अपने आवास पर आयोजित रक्तदान शिविर सपरिवार रक्तदान कर जीवन बचाने का संदेश देते हैं। 13 साल पहले 12 जुलाई 2010 का दिन था, जब व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष कर रहे, गुंडों माफियाओ को चुनौती दे रहे मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी पर शहर के बहादुरगंज में रिमोट कंट्रोल आरडीएक्स बम से हमला हुआ था। हमला इतना जोरदार था के पूरा शहर दहल उठा था। हर तरफ लोग सहमे और डरे नजर आए थे। इस हमले में सुरक्षा कर्मी और एक पत्रकार को मौत हो गई थी और मंत्री नंद गोपाल नंदी बम ब्लास्ट में गंभीर रूप से जख्मी हुए थे। हमले के बाद से पूरे प्रयागराज के हजारों समर्थकों और चाहने वालों के स्नेह और आशीर्वाद से सात महीने इलाज के बाद वे स्वस्थ हुए थे। तब से लेकर अब तक प्रत्येक वर्ष मंत्री नंद गोपाल नन्दी 12 जुलाई को आअपना पुनर्राप्त जन्मदिवस मनाते हैं। प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं कैबिनेट मंत्री न्द गोपाल गुप्ता न्दी का जीवन शुरू से चुनौतियों भरा रहा। इलाहाबाद के बहादुरगंज मुहल्ले में 23 अप्रैल 1974 को जन्मे नन्दी के पिता सुरेश चंद्र डाक विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। मां विमला देवी घर में सिलाई, बुनाई करती थीं । परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने केचलते नंदी सिर्फ इंट्रमीडिएट तक ही पढ़ सके। वह बचपन में पटाखा, रंग-गुलाल की दुकान लगाते। मोहल्ले में सबसे पहले उनके घर में टेलीविजन आया तो बच्चों को पचास पैसे में उन्होंने महाभारत भी दिखाई। आर्थिक स्थिति सुधरने पर 1992 में मिठाई की दुकान लगाई। इसके बाद ट्रक लिया और फिर घी और दवाओं की एजेंसी ली 1994 में रिश्तेदार के साथ ईट भट्टे का बिजनेस शुरू किया। आर्थिक रूप से सुदृढ़ होने पर नन्दी ग्रूप ऑफ कंपनीज बना ली।

**प्रयागराज में निकाली गई कलश यात्रा, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष समेत आधा दर्जन मंत्री पहुंचे**






**मंत्री नंदी ने पुनर्प्राप्ति जन्मदिवस पर किया रक्तदान**

**पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने भी किया रक्तदान**

प्रयागराज में बुधवार को पुनर्प्राप्ति जन्मदिवस पर मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने रक्तदान किया। पुनर्राप् जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बहादुरगंज स्थित आवास पर आयोजित रक्तदान शिविर का उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने फीता काट कर उद्घाटन किया। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री के साथ रक्तदान किया 2010 में आज ही के दिन बहादुरगंज में रक्त बहा था।

# अनियंत्रित कार मारी बाइक में टक्कर, मासूम बच्ची की मौत

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज थाना अंतर्गत कचरी गांव के सामने मिजार्पुर - प्रयागराज हाईवे पर अनियंत्रित कार की टक्कर से 3 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। उसके मामा और नानी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मामा और नानी बच्ची को लेकर इलाज कराने गए थे। वहां से वापस घर की ओर जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। यमुनानगर के करछना थाना अंतर्गत ढोलीपुर गांव निवासी कुल्लन भारतीय ने अपनी बेटी सीमा की शादी घूरपुर थाना क्षेत्र के बोंगी गांव निवासी राजा भारतीय के साथ करीब 5 साल पहले की थी। राजा और सीमा के 3 साल की एक बेटी रिया थी। सीमा अपनी बेटी के साथ इन दिनों मायके में रह रही थी। रिया की तबीयत खराब थी। उसी का इलाज कराने के लिए मामा मुकेश और नानी राजकली मोटरसाइकिल से कटका बाजार गए थे। वहां से दवा लेकर वापस लौटते समय कचरी चौराहे पर प्रयागराज से मिजार्पुर की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे मुकेश और उसकी मां राजकली सड़क की पटरी की तरफ से टक्कर गिर गए, जबकि 3 वर्षीय रिया सड़क पर गिरी और कार के पहिए के नीचे आकर कुचल गई। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को स्थानीय लोगों ने नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां बच्ची को



डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घायल मुकेश और उसकी मां राजकली को देवरी कला स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पता चलने पर परिवार के लोग पहुंच गए। ग्रामीणों ने मौके से भाग रहे कार वाले का पीछा करके करीब डेढ़ किलोमीटर दूर पर रोक लिया, लेकिन इस दौरान ड्राइवर भाग गया। गाड़ी को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार राजा भारतीय तमिलनाडु में एक कंपनी में काम करता है। इन दिनो वह एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने ससुराल में पत्नी और बच्ची के साथ आया हुआ है। चौकी इंचार्ज भीरपुर अजय सिंह भदौरिया ने बताया कि कार कब्जे में ले ली गई है बच्ची के शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है। मालिक तलाश की जा रही है।

# वर्षों से लंबित मनरेगा भुगतान से नाराज प्रधानों ने भरी हुंकार

**करछना-चाका ब्लाक के प्रधानों ने ब्लाक मुख्यालय करछना पर प्रदर्शन कर ताला बंदी की दी चेतावनी**

अखंड भारत संदेश

**करछना।** प्रयागराज करोड़ों रुपए से अधिक मनरेगा कार्य का वित्तीय वर्ष से भुगतान न होने पर आक्रोशित करछना ब्लॉक एवं चाका ब्लाक के प्रधानों ने करछना ब्लॉक मुख्यालय पर घंटों धरना प्रदर्शन दिया तथा खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा तथा चेतावनी दी कि 14 जुलाई तक अगर मनरेगा का सभी लंबित भुगतान नहीं किया जाता है तो ब्लॉक मुख्यालय पर तालाबंदी कर दी जाएगी आक्रोशित प्रधानों ने एक बैठक कर रणनीति बनाकर प्रधान संघ करछना अवतार किशन सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में एवं चाका ब्लाक के प्रधान संघ अध्यक्ष नीलम पथिक के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रधानों ने ब्लॉक सभागार करछना में एक बैठक आहूत का निर्णय लिया कि खंड विकास अधिकारी द्वारा एफटीओ ना बनाए




जाने के कारण 2022 23 का लगभग 5 करोड़ रुपए से ज्यादा करछना ब्लॉक में मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का भुगतान लंबित चला आ रहा है इसी तरह चाका ब्लाक में करोड़ों रुपए का मनरेगा भुगतान अमृतसरोवर, और सामुदायिक शौचालय कायाकल्प गौशाला, नाली, खड़ंजा ,इंटरलॉकिंग, आदि का लगभग 1 वर्ष से ज्यादा समय से भुगतान नहीं किया गया जिसको लेकर आक्रोशित प्रधानों ने ब्लॉक मुख्यालय पर हुंकार भरी प्रमुख रूप से करछना ब्लाक के प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह एडवोकेट महामंत्री धीतेश तिवारी सुरेश पांडे प्रधान प्रतिनिधि पुरैनी,वीरू सिंह प्रधान धरवारा, विजय बहादुर पाल, अमित कुमार मिश्रा ,अविनाश बाबू, श्याम नंदन तिवारी ,राजमणि विश्वकर्मा ,अशोक कुमार पटेल ,राजनाथ निषाद, मुकेश राय सुरेश पांडे रितेश तिवारी ,बृजेश मौर्या ,मिथिलेश पटेल ,हंसराज पटेल ,रमेश चंद्र मिश्रा ,बड़े लाल पटेल ,चंद्र प्रकाश तिवारी कमल मिश्रा ,हिमांशु उर्फ मानवेंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में प्रधान गण प्रदर्शन में शामिल रहे।

## आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने वाले आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी के साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने का विरोध करने पर आप×िजनक फोटो व वीडियो वायरल करने पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के पूरे वंशी निवासी एक महिला का आरोप है कि बीते दिन करमाईन गांव निवासी शिव कुमार उर्फ शिवा पुत्र ओमप्रकाश ने उसकी सत्रह वर्षीया पुत्री के साथ जबरन शारीरिक सम्बन्ध बनाने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने किशोरी की आपत्तिजनक फोटो व वीडियो बना ली। इसके बाद विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर वायरल कर दिया गया। आरोपी ने शारीरिक सम्बन्ध नही बनाने पर उसकी जिंदगी बर्बाद करने की धमकी भी दी। पीडिता की मां की शिकायत पर मंगलवार की रात आरोपी शिवा के खिलाफ छेडछाड़, आईटी एक्ट व धमकी देने के आरोप मे मुकदमा दर्ज किया गया है।

# समूह की महिलाएं सशक्त होंगी तभी ग्रामसभाएं बनेंगी सशक्तः डीएम

## सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत उपायुक्त (स्वतः रोजगार) तथा समस्त शाखा प्रबन्धक, बैंक के जिला समन्वयक, समस्त जिला मिशन प्रबन्धक/ब्लाक मिशन प्रबन्धक, सहायक विकास अधिकारी (आई0एस0बी0), बैंक सखी का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन क्षेत्रीय ग्रामीण विकास संस्थान अफीम कोठी में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित से समूह के बैंक लिंकेज पर एक कार्ययोजना बनाकर अधिक से अधिक सी0सी0एल0 कराने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु नियमों निदेशों का पालन करते हुये प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये जिससे समूह की महिलाओं की आजीविका में वृद्धि की जा सके। समूह की महिलायें समन्वय बनाकर कार्यशाला के माध्यम से बहुत कुछ सीख सकती है, जब समूह की महिलायें सशक्त होंगी तभी वे अपने ग्रामसभाओं को सशक्त बनायेंगी तभी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। सभी समूह एक ग्रुप बनाकर क्षेत्रों में काम करें, बैंकों के माध्यम से उन्हें ऋण उपलब्ध कराया जाता है जिससे महिलायें सशक्त बन सकती है। समूह की सशक्त महिलायें दूसरो को भी रोजगार उपलब्ध करा सकती है और देश व प्रदेश में अपना नाम रोशन कर सकती है। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने समस्त शाखा प्रबन्धकों से अपील करते हुये कहा कि विगत वित्तीय वर्ष 2022-23 की भांति इस वित्तीय वर्ष में भी समूहों को बैंक लिकेंज करवाते हुये ऋण वितरण कराना सुनिश्चित करें, इस कार्य हेतु विकास खण्ड स्तर पर पदास्थिापित ब्लाक मिशन प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि बैंक शाखाओं में बैंक सखी के माध्यम से अपेक्षित सहयोग कर सी0सी0एल0 कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान एन0आर0पी0 एन0के0 सिंह व के0वी0 दीक्षित द्वारा सूक्षम वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषय पर सबका उन्मुखीकरण करते हुये उनकी जिज्ञासाओं का समाधान एवं समस्याओं का निराकरण किया गया। इसके उपरान्त उपायुक्त स्वतः रोजगार डा0 नागेन्द्र नारायण मिश्र, एलडीएम गोपाल शेखर झा, डीएमएम सुनीता सरकार द्वारा विभिन्न शाखाओं के 23 शाखा प्रबन्धकों, 01 जिला मिशन प्रबन्धक, 06 ब्लाक मिशन प्रबन्धक व 05 बी0सी0 सखी को वित्तीय वर्ष 2022-23 में सराहनीय कार्य करने पर प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया। साथ ही बैंकों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित कर बैंक के साथ समूहों के लिंकेज हेतु सराहनीय कार्य करने पर अग्रली जिला प्रबन्धक को प्रशंसा पत्र प्रदान कर कार्यशाला का समापन किया गया।



कार्यशाला पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

# किसानों की समस्याओं को लेकर हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के जलेशरगंज रोड पर किसानों की समस्याओं को लेकर अन्नदाता किसान यूनियन की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग उठायी गयी है। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव भानु प्रताप सिंह व प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय की अगुवाई में संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी भेजा। बैठक को संबोधित करते हुए भानु प्रताप ने कहा कि जिले के किसान आवारा पशुओं की समस्या को लेकर बहुत परेशान हैं। उन्होंने कंजास किठावर के रहने वाले किसान संतलाल वर्मा के उत्पीड़न का मुददा भी उठाया। बैठक के दौरान संग्रामगढ़ के सराय निर्भय की मंजू यादव के उत्पीड़न का मामला भी उठा। राष्ट्रीय महासचिव ने लालगंज-कालाकांकर मार्ग की जर्जर हालत व धान की रोपाई के दौरान नहरों मे टेल तक पानी नहीं पहुंचने पर अफसरों से सवाल पूछा। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह तथा संयोजन महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीतू गौतम व संचालन मण्डल अध्यक्ष किरन सरोज ने किया। इस मौके पर राजकुमार, शिवप्रसाद, लाल बहादुर, राजकली, विद्या देवी आदि मौजूद रहे।

## रास्ते में रोककर युवक की पिटाई

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रंजिश के कारण आरोपियों ने एक युवक को रास्ते में रोककर जमकर मारा पीटा। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मरियमपुर गांव के रहने वाले राम अधार पाल पुत्र रामभरोस ने शिकायती पत्र देकर आरोपित किया कि वह अपने खेत में आम की डाल को हटाकर घर वापस लौट रहा था। गांव में 3 लोगों ने रास्ता रोककर उसे मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जमकर मारा पीटा लोगों के बीच बचाव करने पर किसी तरह की जान बचाई पीड़ित ने पट्टी कोतवाली में तीन लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए शिकायत किया है।

## आरोपियों ने पिता पुत्र को पीटकर किया जख्मी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सार्वजनिक चकरोड को फावड़े से काटने का विरोध करने पर पीड़ित व उसके बेटे को आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीटकर जख्मी कर दिया। पीड़ित ने पट्टी कोतवाली में शिकायत पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के लबेदा गांव के रहने वाले सोमनाथ पुत्र लच्छू ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपित किया है कि गांव के आधा दर्जन लोग एक राय होकर उसके घर के सामने बने हुए सार्वजनिक चकरोड को काट रहे थे उसका जब विरोध किया तो सभी लोग एक राय होकर उसे लाठी डंडा लेकर दौड़ा लिए जान बचाने के लिए वह घर में घुस गया तो आरोपियों ने उसे घर में घुसकर मारपीट किया। बीच-बचाव करने आए उसके बेटे को भी आरोपियों ने पीटकर जख्मी कर दिया। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है।

## चार जुआरी को मानधाता पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अतिल के कुशल निर्देशन में जनपद के थाना मान्धाता से उ0नि0 मोहम्मद इबरार अंसारी व उ0नि0 प्रेम शंकर पाण्डेय मय हमराह द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम अमैयामऊ सफेदा की बाग से चार अभियुक्तों को ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से ताश के 52 पत्ते व कुल तीन हजार पांच सौ पचास रुपये नगद बरामद किया गया।

इस सम्बन्ध में उक्त सभी अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 138/23 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रईस उर्फ बबलू पुत्र समीउल्ला नि0 कस्बा मान्धाता थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़, शकील अहमद पुत्र नजीर अहमद नि0 कस्बा मान्धाता थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ, मुन्नवर अली पुत्र उर्फ सोनू पुत्र रमजान अली नि0 कस्बा मान्धाता थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ व इन्सान अली पुत्र खलील अहमद नि0 कस्बा मान्धाता थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ शामिल हैं।

# एलआईसी अभिकताओं को लकी ड्रा से किया गया पुरस्कृत

## भदंत शांति मित्र द्वारा हिंदी दैनिक का हुआ लोकार्पण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शारदा संगीत महाविद्यालय के सभागार में राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ के अध्यक्ष भदंत शांति मित्र द्वारा हिंदी दैनिक का लोकार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट नैतिक मूल्यों पर रहते हुए जिस प्रकार गिरीश चन्द्र ओझा द्वारा समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह किया जा रहा है वह प्रशंसनीय है।

उक्त अवसर पर समारोह के अध्यक्ष डा० दयाराम मौर्य रत्न द्वारा सृजना साहित्यिक संस्था की ओर से गिरीश चन्द्र ओझा को सारस्वत अभिनन्दन सहित सम्मान पत्र से मुख्य अतिथि के कर-कमलों से विभूषित कराया गया। समारोह के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता राधे कृष्ण त्रिपाठी तथा समारोह की आयोजक अधिवक्ता एवं कवियित्री रीतिका मौर्य रीतू का सारस्वत अभिनन्दन सहित सम्मान किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा भा०जी०बी०नि० के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य की यूनिट 31102 के अभिकताओं क्रमशः किरण देवी मौर्य, संतोष तिवारी एवं राकेश कुमार को लड़ी ड्रा के जरिए पुरस्कृत किया गया। शारदा संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य बीना श्रीवास्तव द्वारा सभी का स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर लीलावती सरोज, राकेश कुमार कनौजिया, आनन्द मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य, संतोष कुमार ओझा, कमलेश कुमारी तिवारी, कमलेश सिंह, अशोक कुमार शर्मा, जय प्रताप सिंह, राम नवाज दूबे, जगदीश श्रीवास्तव, राजेन्द्र दीनबन्धु, कंचन मौर्य एवं सुनील दूबे आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संपादक गिरीश चन्द्र ओझा द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।




हिन्दी दैनिक का लोकार्पण करते मुख्य अतिथि।

# बच्चों की प्रतिभा को निखारने में सहायक होगा रोबोटिक लैबः डा0 दयाशंकर

## एंजिल्स इंटर कालेज में राज्य मंत्री ने रोबोटिक लैब का किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर में कटरा रोड स्थित एंजिल्स इंटर कालेज के सभागार में बुधवार को आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रषासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा0 दयाषंकर मिश्र ने रोबोटिक लैब का उद्घाटन करते हुए कहा कि शासन की इच्छा के अनुरुप इस स्कूल में बच्चों को उनके अभिरुचि के अनुरुप उच्च कोटि की षिक्षा दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि मुझे यह देखकर खुषी हुई कि यहां के छोटे-छोटे बच्चे रोबोटिक लैब के जरिये अपनी प्रतिभा का विकास कर रहे हैं। यहां के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मंत्री दयाषंकर मिश्र ने कहा कि ऐसी प्रयोगषालाओं के लिये शासन स्तर पर भी मदद की जाती है। इसका लाभ लोगों को लेना चाहिये। प्रारंभ में बुधवार को 11.30 बजे राज्य मंत्री का स्कूल पहुंचने पर चेयरपर्सन डा0 शाहिदा, प्रधानाचार्या वीके सोनी व एचआर मैनेजर कुमारी जीनत ने भव्य स्वागत किया। राज्यमंत्री डा0 दयाषंकर मिश्र ने लैब का फीता काटकर उद्घाटन किया। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र तथा स्कूल के पुरातन छात्र इंजीनियर गणेष मिश्रा भी थे। मंत्री ने लैब का उद्घाटन करने के बाद कम्प्यूटर लैब व लाइब्रेरी भी देखने के लिये गये। फिर आडोटोरियम में पहुंचने पर मंत्री का टीका लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन डा0 शाहिदा ने डा0 दयाषंकर मिश्र को मूल रुप से षिक्षक बताते हुए कहा कि वह षिक्षा जगत के हर पहलुओं को अच्छी तरह जानते समझते हैं। इस अवसर पर शषि पाण्डेय ने वाणी वंदना और उसके बाद बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। मंत्री ने वर्ष 2023 के हाईस्कूल व इंटर के मेधावियों को प्रषस्ति पत्र भी दिया। मंत्री ने चेयरपर्सन डा0 शाहिदा व कुमारी जीनत को षिक्षा एवं साहित्यिक में उत्कृष्ट योगदान के लिये प्रषस्ति पत्र दिया। डा0 शाहिदा ने अपनी लिखी पुस्तक मैं शायर तो नहीं, मंत्री को भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन मंजू मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पूनम श्रीवास्तव, शषि पाण्डेय, नेहा, बबिता सरोज व बीना मिश्रा ने कार्यक्रम में सहयोग किया।



राज्य मंत्री डा0 दयाशंकर मिश्र का स्वागत करतीं चेयरपर्सन डा0 शाहिदा।



क्रेन से मालगाड़ी के वैगन से हटाते कर्मचारी।

# क्रेन से हटाए गए वैगन, छह घण्टे बाद बहाल हुआ रेल मार्ग

## मालगाड़ी हादसे में फंस सकता है इंजीनियरिंग विभाग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मंगलवार को दोपहर प्रतापगढ़ यार्ड में बनारस रूट पर पटरी से उतरी मालगाड़ी और उसके दो वैगन क्षतिग्रस्त होने की घटना की जांच में प्रथम दृष्टया इंजीनियरिंग विभाग (पीवे) की लापरवाही के संकेत मिले हैं। जांच से जुड़े अधिकारियों का मानना है कि दो पटरी के बीच में गोलाई का गैप अधिक होने से यह हादसा हुआ है। हालांकि कैरीज एंड वैगन पर भी अधिकारियों का संदेह जा रहा था, फिलहाल ज्वाइंट रिपोर्ट बनाकर डीआरएम दफ्तर भेज दी गई है। अधिकारी जो फैसला लेंगे वही माना जायेगा।

दोपहर में मालगाड़ी पटरी से उतरने के बाद दो वैगन दूर तक घसीट ले गई थी। जिससे दोनो क्षतिग्रस्त हो गए थे। घटना के बाद रूट ठप हो गया था। शाम को क्रेन की मदद से वैगन को उठाया गया। तब कहीं जाकर करीब छः घंटे बाद प्रतापगढ़ रूट बहाल हो पाया। कई ट्रेनें विलंब से गई। घटना की जांच कर रहे एक अधिकारी ने बताया है कि दो पटरी के बीच मानक से अधिक गोलाई मिली है। जो प्रथम दृष्टया हादसे की वजह नजर आ रही हैं। हालांकि इसके अलावा मालगाड़ी के पहिए के साथ घटना के अन्य बिंदुओं पर भी गौर किया जा रहा है।

# किन्नर के दो गुट आपस में भिडे, चार गंभीर रुप से घायल, प्रयागराज किये गये रेफर

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के नवाबगंज थाना के आलापुर निवासी अमित कुमार पुत्र रत्नाकर के भाई अशुल कुमार पुत्र रत्नाकर की शादी पिछ्ले माह 12 जून 23 को शादी हुई थी जिसमे बुधवार को मानिकपुर निवासी ताज पप्पू (अनारकली का दत्तक पुत्र) अपने तीन चार किन्नरो के साथ चार पहिया गाड़ी से अमति कुमार के घर पर भाई अशुल कुमार की शादी की खुशी मे बंधाई देने गये थे जहा से वापसी की तैयारी कर रहे थे कि मानिकपुर थाना क्षेत्र की पनिगो निवासी रेखा (किन्नर) अमित कुमार घर पर अपने 10-15 लोगो के साथ पहुंच गई और मानिकपुर ताज पप्प (अनारकली दत्तक पुत्र) के साथियो पर जानलेवा हमला कर दिया।

मारपीट होते ही चीख पुकार मच गई लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे मारपीट को बचाने के चलते अमित कुमार का सिर से खून का फव्वारा निकल पड़ा और हाथ फैक्चर हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी अपने स्टॉफ के साथ घटना स्थल पर पहुँचे और गंभीर रूप से घायल घनश्याम यादव पुत्र प्रभु दयाल यादव (36) वर्षीय पनिगो मानिकपुर निवासी,रेखा (किन्नर) पनिगो निवासी, अमित कुमार पुत्र श्री रत्नाकर आलापुर थाना नवाबगंज निवासी, पप्पु ताज(दत्तक पुत्र अनारकली) गंभीर रूप से घायल हो गये जिनको उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर ले गये जहा चिकित्सको ने गंभीर रूप से चारो घायलों को सिटी स्केन के लिए स्वरुपरानी प्रयागराज केलिए रिफर कर दिया। घटना की तहरीर ताज पप्पू(दत्तक पुत्र किन्नर) मानिकपुर निवासी व नवाबगंज थाना क्षेत्र के आलापुर निवासी अमित कुमार पुत्र श्री रत्नाकर ने पनिगो निवासी रेखा (किन्नर) व अन्य 10-15 आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देने की बात कही है। गंभीर रूप से घायल अमित कुमार ने बताया कि हम लोगो की शादी या अन्य कार्यक्रम मे मानिकपुर किन्नर अनारकली के दत्तक पुत्र ताज पप्पू का क्षेत्र है। जो गलत तरीके से पनिगो की किन्नर रेखा हमारे घर के दरवाजे पर अपने दस पंद्रह साथियो के साथ ताज पप्पू व अन्य पर हमला कर दिया और मानिकपुर से आये किन्नर की चार पहिया गाडी को तोड़ फोड़ डाला। घटना स्थल पर पहुंची नवाबगंज पुलिस कुछ लोगो को पकडकर थाने ले गई। इस बाबत जानकारी करने पर थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि घायलो को उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर भेजा गया है जिनको स्वरुपरानी के लिए रिफर कर दिया गया है। घटना की अभी तक कोई तहरीर नही मिली है न ही किसी को हिरासत मे लिया गया है। तहरीर मिलने पर जाँच पड़ताल के बाद विधिक कारवाई जो भी हो की जाएगी।

**पनिगो निवासी रेखा (किन्नर) अमित कुमार घर पर अपने 10-15 लोगो के साथ पहुंच गई और मानिकपुर ताज पप्प (अनारकली दत्तक पुत्र) के साथियो पर जानलेवा हमला कर दिया।**

# लीलापुर दुर्घटना के बाद एक्शन में पुलिस, 100 से अधिक टेम्पो का हुआ चालान

## दो दिन से चल रहा है अभियान, मंगलवार को पकड़ी गई थी 97 टेम्पो

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दो दिन पहले लीलापुर क्षेत्र में हुई भीषण दुर्घटना में हुई 12 लोगों की मौत के बाद पुलिस महकमा एक्शन मोड में है।

मंगलवार को टेम्पो चालकों की धरपकड़ शुरू की गई है। मंगलवार को 97 टेम्पो, 7 बस और एक ई-रिक्षा पकड़ा गया है। उसे पकड़कर पुलिस लाइन में लाया गया था। आज भी पुलिस का यह अभियान जारी रहा। बुधवार को 100 से अधिक टेम्पो पकडे. गये हैं। समाचार भेजे जाने तक अभियान जारी रहा। जिनकी गाड़ी पुलिस लाइन भेजी गई है, वहां पर गाड़ी छुड़ाने वालों की भारी भीड़ जमा रही। टेम्पो चालकों की धरपकड़ से जहां हड़कंप रहा, वहीं लोगों को यातायात में दिक्कत हो रही है। रेलवे से आने वाले यात्री बाहर निकलकर टेम्पो से ही अपने गंतव्य जाया करते थे। पुलिस की डर से आज टेम्पो चालक गायब रहे। पुलिस अपना यह अभियान आगे भी जारी रखेगी।



ओवरलोडेड ट्रक को सीज करती पुलिस

# रामपुर खास में बनेगी दो करोड़ की लागत से तीन सड़कें

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से निर्वाचन क्षेत्र रामपुर खास में लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली तीन सड़कों की मंजूरी मिली है। शासन ने धनराशि अवमुक्त करते हुए जिलाधिकारी से निर्माण कार्य शुरू कराने को कहा है। इसकी जानकारी होने पर क्षेत्रीय जनता व कांग्रेसियों मे प्रसन्नता का माहौल है।

रामपुर खास की विधायक आराधना मिश्रा मोना ने बीते दिनों शासन को पत्र लिखकर निर्वाचन क्षेत्र में तीन सड़कों के निर्माण कराए जाने की मांग की थी। विधायक के प्रस्ताव पर शासन ने त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत सड़कों को मंजूरी दे दी। शासन के उप सचिव रामप्रीत राम ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर सड़कों के निर्माण के लिए धन अवमुक्त कर दिया है। विधायक मोना के प्रयास से देवरी मार्ग पर अमर शान्ति स्कूल से सूबेदार का पुरवा तक एक किलोमीटर लम्बी सड़क के लिए अरसठ लाख रुपए मंजूर हुए हैं। जबकि स्वामी करपात्री मार्ग से मोहनपुर वाया चैरिहन का पुरवा तक लगभग एक किलोमीटर बनने वाली सड़क के लिए तिरपन लाख रुपए की मंजूरी मिली है। वहीं तीसरी सड़क लालगंज फायर बिग्रेड के समीप से सलेम भदारी वाया दुखछोर का पुरवा तक बनेगी। आठ सौ मीटर लम्बी इस सड़क के लिए तिहत्तर लाख रुपए मंजूर हुए हैं। विधायक के प्रयास से लगभग दो करोड़ की लागत से तीन सड़कों की मंजूरी मिलने पर क्षेत्रीय जनता व कांग्रेसियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र, ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह, जिपंस रिंकू सिंह परिहार, अशोकधर द्विवेदी, प्रधानाचार्य अमिताभ शुक्ला, पप्पू तिवारी, प्रीतेन्द्र ओझा, छोटे लाल सरोज, मुन्ना शुक्ला, बृजेश द्विवेदी, हृदय नारायण मिश्र, दयाराम वर्मा, मुरलीधर तिवारी, रामू मिश्र, सिंटू मिश्र, राजू पाण्डेय, महन्थ द्विवेदी, सुनील त्रिपाठी, रवीन्द्र मिश्र, राजू मिश्र आदि ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# प्रेमी के बाहों में देखकर बौखलाए परिजनों ने बालिका की गला घोटकर पेड़ पर फंदे से लटकाया

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मान सम्मान मर्यादा की दुहाई देकर एक जालिम परिवार ने मंगलवार की दोपहर बालिका की गला घोट कर हत्या करने के बाद उसे पेड़ से बांधकर आत्महत्या का रूप देने का झूठा प्रयास किया है लेकिन मौके की परिस्थिति चिल्ला चिल्ला कर हत्या किए जाने की गवाही दे रही है सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है थाना पुलिस भी बालिका की मौत को आत्महत्या साबित कर हत्यारों को बचाने के भरसक प्रयास में जुट गई है ऑनर किलिंग के इस मामले में आला अधिकारियों को मामले को गंभीरता से लेकर सच्चाई उजागर कर आम जनता के सामने लाने की जरूरत है।



ऑनर किलिंग की घटना को पचाने में लगी कौशाम्बी थाना पुलिस पर कार्यवाही की मांग, कौशांबी थाना पुलिस के प्रशिक्षण में कमी रह गई है निलंबित कर फिर से प्रशिक्षण कराए जाने की जरूरत

घटनाक्रम के मुताबिक कौशांबी थाना क्षेत्र के उरई पहाड़िया गांव निवासी पूजा देवी उम्र 22 वर्ष पुत्री मुरली एक युवक से प्रेम करती थी परिजनों से छुपकर दोनों एक दूसरे से मिलते थे प्रेमी के बाहों में देख कर बालिका के परिजन आपा खो बैठे और लोक लाज मान सम्मान मयार्दा की बात कह कर बालिका का गला घोट कर हत्या कर दी हत्या करने के बाद साक्ष्य और सबूत नष्ट करने और पुलिस से बचने के उद्देश्य से परिजनों ने बालिका को पेड़ से लटकाने का प्रयास किया लेकिन उसमें भी सफल नहीं हो सके 5 फुट से अधिक लंबी बालिका झुककर 4 फुट की जगह में खड़ी है बालिका का शरीर एक फुट नीचे की ओर पूरी तरह से झुका हुआ है गले में किसी प्रकार का खिंचाव नहीं है पैर के गांठ से बालिका का पूरा पैर मुड़ा हुआ है और दोनों पैर जमीन पर पूरी तरह से रखा हुआ है मौत के बाद बालिका के दोनों पैर में चप्पल मौजूद है सवाल उठता है कि बालिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या किया होता तो तड़पने के वक्त उसके पैर के चप्पल छूट जाते लेकिन ऐसा नहीं हुआ मौत के बाद बालिका के दोनों पैर में हवाई चप्पल मौजूद हैं इतना ही नहीं बालिका के गले में फंदा नहीं दिखाई पड़ रहा है ऐसा लगता है कि जैसे गांठ लगाकर बालिका को पेड़ से लटकाने का प्रयास किया गया है पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है सवाल उठता है कि 5 फुट से अधिक लंबी बालिका झुक कर 4 फुट में खड़ी है फिर भी पुलिस आत्महत्या बता रही है परिस्थिति जन्य साक्ष्य को नजरअंदाज कर हत्यारों का साथ देने वाली कौशांबी थाना पुलिस के प्रशिक्षण में कहीं कमी रह गई है कौशांबी थाना पुलिस को निलंबित कर फिर से प्रशिक्षण दिलाए जाने की जरूरत है। चिकित्सकों का कहना है कि झुकने के बाद फांसी के फंदे का गले मे कसाव नहीं होगा और जब गले मे कसाव नहीं होगा तो मौत नहीं होगी फिर यह कैसी आत्महत्या है जिसमें गले में फांसी के फंदा के बिना कसाव हुए बालिका की मौत हो गई है स्वास्थ्य बिभाग के जानकारों का कहना है कि मौत होने के बाद शव पेड़ से बांधकर लटकाने में ही शव का पैर जमीन पर टिकता है इसमें तो जमीन से पैर टिका हुआ नहीं है बल्कि मृतक की एक फुट शरीर जमीन पर पूरी तरह से रखी हुई है लेकिन फिर भी आत्महत्या साबित करने पर थाना पुलिस उतावली दिख रही है कहीं थानेदार की सांठगांठ से इस ऑनर किलिंग की घटना को अंजाम तो नहीं दिया गया है जिससे थानेदार मौके के परिस्थितियों को नजरअंदाज कर आरोपियों को बचाने पर लगे हुए हैं थानेदार के इस कारनामे के चलते इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों को दंडित करने के साथ-साथ दोषियों को बचाने का प्रयास करने वाले थाना पुलिस को भी निलंबित करते हुए विभागीय जांच शुरू करा कर दंडित किए जाने की जरूरत है।

### हत्या को आत्महत्या बताने वाली पुलिस के गुनाहों पर कब लगेगी रोक

**कौशाम्बी।** विभिन्न थाना पुलिस द्वारा हत्या की घटनाओं को आत्महत्या बताकर लगातार अपराधियों को राहत दी जा रही है जिले के कोखराज चरवा पइंसा पिपरी कौशाम्बी थाना सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में हत्या के बाद साजिश रच कर हत्या को आत्महत्या साबित कर हत्यारों के योजना को सफल करने में थाना पुलिस लगी रहती है आखिर हत्या को आत्महत्या साबित करने में लगी पुलिस की इस गतिविधियों पर कब रोक लगेगी।

# पिता ने मासूम को पटक कर उतारा मौत के घाट

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में पिता ने अपने ही मासूम बच्चे को जमीन पर पटक दिया,जिससे मासूम बच्चे की मौत हो गई,बच्चे की मौत के बाद आरोपी पिता फरार हो गया,मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के गिरिया खालसा गांव निवासी रवि पुत्र मुन्नू लाल मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता है। मंगलवार की रात लगभग नौ बजे वह शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा। किसी बात को लेकर उसकी पत्नी चमेली से विवाद हो गया। इससे गुस्साकर उसने पास में सोए 15 दिन के बीमार नवजात बेटे को उठाकर जमीन पर पटक दिया। इसके बाद

**हत्यारे पिता को छोड़ पड़ोसी को गिरफ्तार कर पुलिस कर रही है पूछताछ**

वह फरार हो गया। परिजनो ने उसे संगम पाली क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां सुबह उसकी सांसें थम गईं। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव का अंतिम संस्कार कर दिया वहीं पत्नी ने इसके लिए पड़ोसी कमलेश पर आरोप लगाया। है, उसका कहना था कि उसने उसके पति को शराब पिलाई और उसके ही उकसाने पर उसने बेटे को जमीन पर पटक दिया। पुलिस ने कमलेश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मासूम के शव का पोस्टमार्टम नहीं हुआ महिला ने तहरीर नहीं दिया लेकिन फिर भी पड़ोसी को गिरफ्तार कर पुलिस सौदेबाजी में जुट गई है।

# प्रसव के दौरान महिला की हुई मौत, अस्पताल में हंगामा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के सैनी थाना क्षेत्र के निजी प्राइवेट हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान महिला की मौत होने के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा काटा मामले में महिला की मौत के गुनाहगारों को दंड देने के बजाय दोषी चिकित्सकों की ओर से मृतक महिला के परिजनों को मुकदमे में फंसाने की कोशिश शुरू हो गई है 24 घंटे बीत जाने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अस्पताल को सीज कर चिकित्सकों की गिरफ्तारी कराने का प्रयास नहीं किया है पुलिस भी महिला मरीज के मौत के जिम्मेदारों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है जिससे चौपट व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है कड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के लिए भर्ती महिला को निजी अस्पताल का डॉक्टर अपने अस्पताल में ले कर चला आया जहां अनुभवहीन अकुशल अनट्रेंड चिकित्सक की लापरवाही से महिला की मौत हो गई सूचना पर क्षेत्राधिकारी सिराथू कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुँचे। आपको बता दें कि पूजा देवी उम्र 40 वर्ष पत्नी मनोज कुमार निवास बढ़ाइया पर थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर की रहने वाली है कुछ दिनों पहले अपने मायका कमंगलपुर में आई थी जिसको 3 दिन पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा में प्रसव के लिए भर्ती कराया गया था महिला का प्रसव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा में हुआ लेकिन अस्पताल में सरकारी डॉक्टर मौजूद नहीं थे मरीज के इलाज में लापरवाही हुई जिसकी ब्लडिंग बंद न होने के कारण डॉक्टर ने रेफर कर दिया सरकारी अस्पताल में निजी अस्पताल संचालक मौजूद थे महिला के परिजन को समझा-बुझाकर और ठीक करने का झांसा देकर उसे अपने निजी अस्पताल बुला लाये परिजनों ने सैनी क्षेत्र के चकसैनी के पास स्थित एक निजी अस्पताल में मरीज को भर्ती कराया निजी अस्पताल में ही कथित चिकित्सकों की लापरवाही से इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई लेकिन अब महिला मरीज के जिम्मेदार निजी अस्पताल संचालक को बचाने का खेल शुरू हो गया है अस्पताल संचालक की तहरीर पर मृतक महिला के परिजनों को फंसाने पर पुलिस उतावली दिख रही है मौत का मामला पुलिस के सामने छोटा पड़ गया है। निजी अस्पताल संचालक प्रवीण मौर्य इस बात को स्वीकार भी कर रहे हैं कि वह सरकारी अस्पताल में गए थे और महिला मरीज को सरकारी अस्पताल से लेकर निजी अस्पताल आए हैं सरकारी अस्पतालों से मरीज को निजी अस्पताल लाने वाले कथित चिकित्सकों और संचालकों के कारनामों पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोक नहीं लगा पा रहे हैं महिला मरीज की मौत के बाद भी निजी अस्पताल संचालक पर अभी तक स्वास्थ्य महकमे ने मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी कराने की कार्यवाही नहीं किया है जिससे डिप्टी सीएम स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के निदेर्शों की धज्जियां उड़ती देखी जा रही हैं अवैध तरीके से संचालित निजी अस्पताल संचालकों से मुख्य चिकित्सा अधिकारी के क्या रिश्ते हैं मरीजों की मौत के बाद भी गुनहगार अस्पतालों पर कार्यवाही करने में मुख चिकित्सा अधिकारी को इतना संकोच क्यों है इसके पीछे क्या कारण है यह बड़ी जांच का विषय है।

**महिला की मौत के जिम्मेदारों को दंड देने के बजाय गुनहगारों का पक्ष लेने पर उतारू हो गए अफसर**

**स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के निर्देश के बाद अवैध अस्पतालों को बंद कराने का प्रयास नहीं कर रहे हैं सीएमओ**

# ग्रामीणों को नहीं मिल रही है गांव में कंप्यूटर सुविधा

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** गांव गांव में मिनी सचिवालय को सक्रिय करने के लिए कई महीने पहले योगी सरकार ने निर्देश दिया था योजना में कई करोड़ की रकम आनन-फानन में खर्च कर दी गई है लेकिन जिम्मेदारों की कमीशन खोरी के चलते योजना सफल नहीं हुई है कौशांबी जिले के पंचायत विभाग में योगी सरकार का निर्देश कई महीने बाद भी लागू होता नहीं दिख रहा है जिला पंचायत राज अधिकारी केवल कमीशन खोरी में लिप्त है गांव क्षेत्र की स्थिति बद से बदतर है 2 वर्ष के बीच गांव में कोई भी योजना पारदर्शी तरीके से लागू नहीं हो सकी है भ्रष्टाचार चरम पर ब्याप्त है विकास के नाम पर करोड़ों की रकम खर्च किए जाने के बाद मूलभूत सुविधाओं से ग्रामीण जूझ रहे हैं बड़े पैमाने पर व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते कई करोड़ की रकम खर्च किए जाने के बाद गांव गांव में मिनी सचिवालय सक्रिय नहीं हो सके और कंप्यूटर से संबंधित कार्यों के लिए ग्रामीणों को अभी भी शहर बाजार जाना पड़ रहा है जबकि कंप्यूटर योजना के तहत पंचायत भवन भी बनाया गया और प्रत्येक गांव में पौने दो लाख रुपए कंप्यूटर फर्नीचर आदि सामानों की खरीद में सरकारी रकम जिम्मेदारों ने आनन-फानन में खर्च कर दी है सामानों की खरीद में जिम्मेदार उतावले थे लेकिन पंचायत भवन और मिनी सचिवालय को सक्रिय करने में जिम्मेदार अधिकारी उतावले नहीं दिख रहे हैं। बताया जाता है कि कंप्यूटर फर्नीचर आदि सामानों की खरीद में 40 प्रतिशत की कमीशन खोरी जिम्मेदारों ने की है जिसमें बड़े अधिकारियों तक हिस्सा पहुंचा है जिसके चलते खरीदे गए उपकरण घटिया क्वालिटी के हैं और वह उपयोग लायक नहीं है कई करोड़ रुपए की रकम खर्च किए जाने के बाद पंचायत भवन और मिनी सचिवालय सक्रिय नहीं हो सके हैं हकीकत जानने के लिए नेवादा विकासखंड के ग्राम पंचायत दरहा के ग्रामीण भैयालाल राम भवन रोशन लाल अभिषेक कुमार वीरेंद्र कुमार आदि लोगों से बात की गई तो ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव दरहा में अभी तक कंप्यूटर की सुविधा नहीं उपलब्ध हो सकी है बार-बार शिकायतें की जा रही है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है ग्रामीणों ने बताया कि मजबूर होकर ग्रामीण नेवादा ब्लाक जा कर के कंप्यूटर का कार्य कराने को मजबूर होते हैं ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 12 लाख रुपए खर्च कर पंचायत भवन बनाया गया है जो मानक विहीन है इसके अलावा कंप्यूटर फर्नीचर खरीद में पौने दो लाख अतिरिक्त खर्च किया गया है लेकिन कंप्यूटर योजना गांव में सफल नहीं हो सकी है। अव्यवस्था से पीड़ित ग्रामीण सोमवार को नेवादा ब्लॉक पहुंचे और एडीओ पंचायत से मुलाकात किया कंप्यूटर सुविधा बहाल करने के साथ-साथ गांव में खड़ंजा लगवाने की ग्रामीणों ने मांग की है ग्रामीणों ने बताया कि गांव में मनरेगा योजना में बड़ी धांधली है 14 मजदूरों को काम में लगा कर 54 मजदूरों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कर उनके नाम पर मजदूरी निकालकर हिस्सा बांट हो रहा है दरहा ग्राम पंचायत में धांधली की जांच कर ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पद मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग ग्रामीणों ने की है कंप्यूटर खरीद योजना में धांधली की यदि योगी सरकार ने जांच कराई तो जिला पंचायत राज अधिकारी के गुनाहों की कलाई खुलेगी और जिला पंचायत राज अधिकारी समेत एडीओ पंचायत खंड विकास अधिकारी पंचायत सचिव ग्राम प्रधान पर मुकदमा दर्ज हो सकता है यदि शासन स्तर से निष्पक्ष जांच हुई तो भ्रष्टाचार के मामले में दोषी अधिकारियों की गिरफ्तारी और जेल होना आम बात होगी।

**कंप्यूटर फर्नीचर आदि सामानों की खरीद में जिम्मेदारों के संरक्षण में 40 प्रतिशत की हुई कमीशन खोरी**



### सैकड़ों लोगों से 60 लाख की रकम वसूली करने वाले स्कूल संचालक पर नहीं हुई कार्रवाई

**कौशाम्बी।** सांदीपन घाट थाना क्षेत्र के हर्रायपुर में स्कूल संचालन करने वाले एक स्कूल संचालक ने बीसी का धंधा खोल कर इलाके के सैकड़ो लोगों को अपने झांसे में फसाया और सैकड़ों लोगों से बीसी की रकम जमा करा कर स्कूल संचालक रकम डकार गया बीसी संचालन की आड़ में सैकड़ों लोगों से 60 लाख की रकम वसूल करने के बाद अंतर्ध्यान हो जाने वाला स्कूल संचालक इन दिनों प्रयागराज में ऐसो आराम कर रहा है मामले की शिकायत पुलिस अधिकारियों से हुई जांच के दौरान मूरतगंज चौकी पुलिस ने पीड़ितों को 2 दिन बाद बुलाया लेकिन 2 दिन बाद भी मामले में कोई निर्णय पुलिस नहीं कर सकी अदालत की तरह लगातार चौकी पुलिस पीड़ितों को बुलाने के लिए तारीख लगाती है लेकिन किसी तरह का निर्णय नहीं हो पा रहा है ठगी करने वाले बीसी संचालक से पीड़ितों की रकम नहीं मिल सकी पुलिस ने मुकदमा भी नहीं दर्ज किया अपनी रकम पाने के लिए चौकी पुलिस द्वारा मुकर्रर की गई तारीख पर सैकड़ों पीड़ित चौकी पहुंचते हैं लेकिन ठगी करने वाला संचालक चौकी नहीं पहुंचता जिससे पीड़ितों की रकम भी नहीं मिल रही उनका मुकदमा भी नहीं दर्ज किया गया है मामले में चौकी पुलिस की भी भूमिका सवालों के घेरे में है।

## पीडब्ल्यूडी ने आधी अधूरी नाली निर्माण कर सरकार की कार्यशैली पर लगाया प्रश्न चिन्ह

**कल्यानपुर कौशांबी।** लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मनमानी तरीके से नाली और सड़क का निर्माण कर सरकारी खजाने से रकम निकालने में लगे हैं जिससे विभाग द्वारा बनाई जा रही नाली उपयोग में आने लायक नहीं है नाली समतल नहीं बनाई जा रही है टेडी मेडी नाली बनाने से पानी का बहाव नहीं होगा और नाली का उपयोग आम जनता को नहीं मिल पाएगा कल्यानपुर बाजार में जगह-जगह जलभराव होता था जलभराव से मुक्ति दिलाने के लिए बाजार में नाली निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी गई लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारी नाली निर्माण करने में कम सरकारी रकम निकल में अधिक व्यस्त दिखाई पड़ रहे हैं जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है लोगों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मानक बिहीन घटिया क्वालिटी के नाली का निर्माण करने वाले और उद्देश्य बिहीन नाली बनाने वाले लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निलंबित करते हुए मानक के अनुसार उपयोग आने लायक नाली निर्माण कराए जाने की मांग की है। सिराथू तहसील के अंतर्गत कल्यानपुर बाजार से निधियावां गांव की तरफ पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क एवं नाली निर्माण कार्य हो रहा है। जो कि पीडब्ल्यूडी द्वारा आधी अधूरी नाली का निर्माण किया जा रहा है और मानक विहीन तरीके से कार्य किया जा रहा है ।जिसकी वजह से पानी अपने अपने स्थान पर भरा रहेगा ,कही ऊंची कहीं नीची तल होने की वजह से पानी के बहाव का रास्ता क्लियर नही है मनमाने तरीके से पीडब्ल्यूडी द्वारा कार्य कराया जा रहा है ।नाली की बात करे तो कही कही बना रहे है और काफी जगहों को छोड़ दे रहे है ।जिससे कल्यानपुर बाजार वासियों में काफी रोष उत्पन्न हो रहा है ।क्योंकि पहले नाली निर्माण होना था फिर आरसीसी सड़क का निर्माण किया जाना है लेकिन नाली निर्माण कार्य को बंद करके सड़क निर्माण किया जा रहा है सिराथू तहसील के राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसे कल्याणपुर बाजार की तरफ बाजार के लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट करा कर मानक के अनुसार नाली और सड़क बनाए जाने की मांग की है।

### शराबी पति का आतंक पत्नी और बच्चों को मारपीट करके घर से भगाया

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चौराहडीह कठरा में एक और शराबी पति का आतंक का मामला सामने आया है। जहां शराबी पति शराब के नसे में इस कदर पगलाया की अपनी पत्नी और बच्चों को मारपीट कर घर से भगा दिया है। पीड़ित महिला ने अपने शराबी पति के विरुद्ध थाना चरवा में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर शराबी पति से न्याय दिलाने की गुहार लगाई। मामले में पुलिस जांच में जुटी थाना चरवा क्षेत्र की कमला देवी अपने शराबी पति से परेशान होकर अपने मायके में रहने को मजबूर हैं। शराबी पति आए दिन शराब पीकर अपनी पत्नी और छोटेझ्रछोटे छह बच्चों को मारता पीटता हैं। साथ ही शराब पीकर घर का सामान बेचकर शराब पी जाता हैं।

### 4 महीने बीते हत्यारों तक नहीं पहुंच सकी पुलिस

**कौशाम्बी** पिपरी थाना क्षेत्र के औधन गांव में 13 मार्च की रात्रि को शांति देवी उम्र 75 वर्ष पत्नी स्व जगरूप पर कुल्हाड़ी से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी घर में रखे जेवरात लूट लिए गए थे महिला की हत्या के बाद पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया मृतक महिला के बेटे लाल बहादुर ने अदालत से फरियाद की अदालत के निर्देश के बाद 5 जुलाई को पुलिस ने महिला की हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन घटना को 4 महीने बीत जाने के बाद अभी तक थाना पुलिस ने हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया है आखिर पिपरी पुलिस महिला की हत्या के मामले में इतनी लापरवाह क्यों बनी हुई है यह जांच का विषय है लेकिन महिला की हत्या के मामले में थाना पुलिस की लापरवाही को अभी तक आला अधिकारियों ने भी गंभीरता से लेकर थाना पुलिस पर कार्यवाही नहीं की है।

## शादी का झांसा देकर युवती को भागने वाला जालसाज चार माह बाद रास्ते में छोड़कर भाग गया

कौशांबी। चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत बलीपुर टाटा गांव का रहने वाला महफूज पुत्र इम्तियाज अहमद चार माह पूर्व ग्राम सेमरा लहसईया थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज की रहने वाली गुड़िया पुत्री मोहम्मद अली को शादी का झांसा देकर घर से अपने साथ भागा ले गया और भागने के बाद शादी भी कर लिया। लगभग चार माह तक साथ रहने के बाद गुड़िया को महफूज प्रयागराज के पुरानी चुंगी के पास छोड़ कर 4 दिन पूर्व फरार हो गया गुड़िया ने प्रयागराज की पुरानी चुंगी से राहगीर के माध्यम से फोन करके अपने भाई अनीस अहमद से बात कर के अपनी आप बीती बताई। फोन पर बात करने के बाद गुड़िया का भाई अनीस अहमद किसी तरह प्रयागराज पहुंच कर अपनी बहन को घर ले गया। महफूज ने प्रार्थी अनीस अहमद की बहन गुड़िया के साथ शादी करके मंगलसूत्र भी पहनाया है। मंगलसूत्र पहनाते समय की विडियो अनीस अहमद के मोबाइल पर भेजा है। साथ ही उक्त विपक्षी द्वारा अनीस अहमद की बहन गुड़िया के साथ शारीरिक संबंध भी बनाया है।उक्त मामले की शिकायत पीड़िता के भाई अनीस अहमद पुत्र मोहम्मद अली द्वारा चरवा थाना में दर्ज कराई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आरोपी को खोजने में जुट गई।

### दलित बालिका की आबरू से खिलवाड़ करने का प्रयास कर रहे गैर समुदाय के लोग

**कौशाम्बी** करारी थाना क्षेत्र के पिण्डरा सहावनपुर गांव की अनुसूचित जाति की बबलिंग बालिका का हाथ पकड़ कर घसीट कर ले जाने का प्रयास गैर समुदाय के कुछ लोगों द्वारा दो दिन पहले किया गया था जाते-जाते गैर समुदाय के लोगों ने दलित नाबालिग बालिका को धमकी दिया था कि तुम्हें दिनदहाड़े उठा ले जाएंगे गैर समुदाय के लोगों द्वारा पालिका को उठा ले जाने की धमकी दिए जाने के बाद उसके परिवार के लोग दहशत में हैं मामले को लेकर करारी थाना पुलिस को पीड़ित परिवार ने तहरीर भी दी है घटना को 2 दिन बीत चुके हैं लेकिन उसके बाद भी बालिका को घसीट कर ले जाने का प्रयास करने वाले और दिनदहाड़े बालिका को उठा ले जाने की धमकी देने वाले गैर समुदाय के लोगों पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की है अभी तक आरोपियों को पुलिस पकड़ कर थाने नहीं लाई है जबकि मामला दूसरे समुदाय से जुड़ा हुआ है इसलिए इस मामले में लापरवाही ठीक नहीं लेकिन थाना पुलिस उसके बाद लापरवाह बनी हुई है बताया जाता है आरोपियों से पुलिस की सेटिंग हो चुकी है जिससे थाना पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई करने की फिराक में नहीं दिखाई पड़ रही है बालिका को घसीटने और उठाकर ले जाने की धमकी दिए जाने के बाद पुलिस की लापरवाही से हिंदू संगठनों में आक्रोश व्याप्त हो रहा है यदि पुलिस ने बालिका को घसीट कर ले जाने का प्रयास करने वाले और बालिका को उठा ले जाने की धमकी देने वाले लोगों पर कार्रवाई नहीं की तो मामला तूल पकड़ सकता है और पुलिस की छीछालेदर हो सकती है।

## न्यूज झरोखा

### ग्रामीण क्षेत्रों के बैंक प्रबन्धकों का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन पर आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला का डीएम ने किया शुभारम्भ




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने विकास भवन स्थित सरस हॉल में आयोजित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के बैंक शाखा प्रबन्धकों का सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का शुभारम्भ किया तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 में आवंटित वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने वाले एवं उत्कृष कार्य करने वाले बैंकर्स, जिला मिशन प्रबंधक एवं ब्लॉक मिशन प्रबंधकों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यशाला में उपायुक्त स्वतः रोजगार मनोज कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजनान्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों एवं उनके संगठनों द्वारा आजीविका के क्षेत्र में की गई प्रगति की जानकारी दी गई तथा वित्त उपलब्धता, जिसमें बैंको का महत्वपूर्ण योगदान, एनपीए को कम रखने और समाप्त करने पर जोर देते हुए बैंको से सामुदायिक संस्थाओं को सहयोग करने की अपेक्षा की गई। वित्तीय वर्ष 2023-24 का रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के द्वारा जारी मास्टर सर्कुलर एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन की बैंक से सम्बन्धित प्रक्रियाओं तथा उसके आधार पर स्वयं सहायता सदस्यों एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, हैदराबाद के नेशनल रिशोर्स पर्सन एन0के0 सिंह एवं खंदेराव दीक्षित के द्वारा उन्मुखीकरण कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण भी दिया गया ।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### पानी की शुद्धता की क्वालिटी के बारे में जानकारी दे गए अफसर

**कोखराज कौशाम्बी** सिराथू तहसील क्षेत्र के करेंटी मजरा जमाल मउ ग्राम सभा मे जल शक्ति मिशन के बारे में ट्रेनर ब्रजेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए कहा कि स्वास्थ्य के लिए शुद्ध जल आवश्यक है पानी की क्वालिटी के बारे में जानकारी दिया और साफ जल के बारे



जानकारी देते हुए कहा कि साफ जल्द ही पीने में उपयोग करें कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान व ग्रामीणों की मौजूदगी रही ग्राम प्रधान रंजीत पटेल ने ग्रामीणों को पानी को बचाने के बारे में समझाया मौके पर तमाम लोगों की मौजूदगी रही। एक तरफ साफ पानी के बारे में अफसर उपदेश दे रहे थे दूसरी तरफ उसी ग्राम सभा में एक दबंग द्वारा हैण्ड पम्प के पास गोबर का ढेर लगा कर गन्दे पानी को रोक कर हैण्ड पम्प के अंदर गन्दे पानी के जाने से ग्रामीणों को गंदा पानी पीने को मजबूर हैं ग्राम प्रधान का कहना है कि हमने कई बार कहा लेकिन वह अपने दबंगई के बल पर लोगों को गाली गलौज भी देता है सवाल उठता है कि जहां पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं वहां भी भाषण बाजी का पालन ना हो सके तो ऐसे बकवास का क्या फायदा है

### महिला शिक्षक संघ ने की बीएसए, कौशांबी की शिष्टाचार व स्नेहिल भेंट



**कौशाम्बी।** महिला शिक्षक संघ कौशांबी की अध्यक्षा श्रीमती सोनी केसरवानी के साथ संगठन की सभी पदाधिकारियों ने मंगलवार को बीएसए कार्यालय में उपस्थित होकर नवागंतुक बीएसए कमलेन्द्र कुशवाहा से स्नेहिल शिष्टाचार भेंट की जिसमें महिला शिक्षक संघ की शिक्षिकाओ ने बीएसए को बुके व स्मृति चिन्ह देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की इस मौके पर पदाधिकारी शालिनी सिंह मीडिया प्रभारी , क्षमा सचान,संगीता देवी उपाध्यक्ष, मीरा देवी उपाध्यक्ष, मुन्नी देवी कोषाध्यक्ष आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही।

### बोलेरो ने बाइक सवारों को मारी टक्कर गंभीर घायल

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के भौंतर मोड़ के पास बाइक सवार को बोलेरो चालक ने टक्कर मार दी जिससे बाइक चला रहा शिव शंकर पुत्र जुगराज निवासी शिवराज पुर खागा फतेहपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिर कर घायल हो गया राहगीरों ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से डॉक्टर ने बड़े अस्पताल के लिए रिफर कर दिया टक्कर मारने वाला बोलेरो चालक मय वाहन फरार हो गया है। बाइक चालक 3 सवारी बिठाकर मनगढ़ जा रहे थे।



### बाबा विश्वनाथ धाम के लिए रवाना हुआ कांवरियों का जत्था

**कोखराज कौशाम्बी** सिराथू तहसील क्षेत्र के कशिया पश्चिम से मंगलवार को कांवरियों का जत्था काशी विश्वनाथ धाम जलाभिषेक के लिए रवाना हुआ है कावड़ियों के स्वागत में पूरा गांव उमड़ पड़ा है डीजे से भक्ति गीतों के साथ कावड़ियों को बड़े उत्साह और हर्ष के साथ रवाना किया गया है बोल बम का नारा है बाबा तेरा सहारा है जैसे भक्ति गीतों के साथ बड़े उत्साह उमंग के साथ कांवरियों का दल बाबा विश्वनाथ में जलाभिषेक के लिए रवाना हुआ है




### अपात्रों को आवास देने के विरोध में कलेक्ट्रेट में गरजे ग्रामीण



**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत चक थाम्भा में अपात्र लोगों को सरकारी जमीन का पट्टा प्रस्तावित किए जाने के मामले को लेकर बुधवार को लामबंद ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे हैं और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर अपात्रों के पट्टे को निरस्त करने की मांग की है बताते चलें कि चक थाम्भा गांव में 28 अपात्र लोगों को 1 सप्ताह पूर्व सरकारी भूमि पर पट्टे का प्रस्ताव किया गया है गांव के अजीत कुमार राज कपूर गुप्ता राजेश कुमार धर्मेंद्र कुमार लाल चंद्र संतोष कुमार अशोक कुमार संजय कुमार सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि वह गांव के गरीब हैं उनके पास भूमि नहीं है लेकिन उन्हें सरकारी भूमि पर पट्टा नहीं मिला है बल्कि जिन लोगों के नाम पट्टा सूची प्रस्तावित हुआ है वह सभी भूमिधर परिवार से हैं ग्रामीणों ने डीएम से कहा कि धांधली व नियम विरुद्ध तरीके से बिना मुनादी कराए किए गए पट्टे के प्रस्ताव को रोका जाए तथा गरीब भूमिहीन व्यक्तियों को सरकारी भूमि का पट्टा दिया जाए।

संपादकीय

# विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होता भारत

भारतीय सभ्यता आज विश्व की प्राचीनतम फल फूल रही जीवंत सभ्यताओ में से एक है णअपने श्रेष्ठ अतीत पर गौरव करना स्वाभाविक ही है ण हमारी संस्कृति प्रामाणिक रूप से पांच हजार वर्षो से भी प्राचीन है ण भारत ने सदैव सह अस्तित्व ए वसुधैव कुटुम्बकम ए नारी समानता ए प्रकृति पूजा एज्ञान पर सबका अधिकार ए गुरु के सम्मान ए कमजोर की मदद ए शरणागत को अभय जैसे सार्वभौमिक ए सर्वकालिक ए वैश्विक समन्वय के सिद्धांतो का समर्थन किया है ण

हमारे महर्षि आर्यभट्ट ने ही दुनिया को सबसे पहले शून्य के उपयोग के बारे में समझाया था ण इसके अलावा वेदों से हमें 10 खरब तक की संख्याओं के बारे में पता चलता है ण सम्राट अशोक के शिलालेखों से पता चलता है कि हमें संख्याओं का ज्ञान बड़े प्राचीन समय से था ण भास्कराचार्य की लीलाबती में लिखा हुआ है कि ष्जब किसी अंक में शून्य से भाग दिया जाता है तब उसका फलक्रम अनंत आता हैण इस तरह प्रामाणिक रूप से गनितीय ज्ञान में हम अग्रणी हैं ण

पौराणिक प्रमाण मिलते हैं कि शल्य चिकित्सा का जन्म भी भारत में ही हुआ ण इस विज्ञान के अंतर्गत शरीर के अंगों की चीड.फाड़ की जाती है और उन्हें ठीक किया जाता हैण शरीर को ठीक करने वाली इस विधि की शुरूआत सबसे पहले महर्षि सुश्रुत द्वारा की गईण

योग एक जीवन शैली है जिसकी शुरूआत भारत में ही हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा की गई थी ण आज के दौर में विभिन्न मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं से मुक्त संतुलित निरोगी जीवन के लिए ध्यान ऐसा रास्ता है जिसे सारा विश्व अपना रहा है ण प्रति वर्ष २१ जून को विश्व योग दिवस मनाये जाने को मान्यता मिलना विश्वगुरू भारत की परिकल्पना की यथार्थ में परिणिति की ओर एक कदम है ण

ज्योतिष शास्त्र के रूप में दुनिया को भारत ने एक अनोखी भेंट दी है ण ज्योतिष की गणनाओं से ही पता चला कि यह पृथ्वी गोल है और इसके घूमने से ही दिन रात होते हैं णआर्यभट तो सूर्यग्रहण और चन्द्रग्रहण होने के कारण भी जानते थेण वेदों में इस अनंत ब्रम्हाण्ड का वर्णन है और उड़न तश्तरी अर्थात न्थ्व के बारे में भी वर्णन मिलता है

संस्कृत भाषा को विश्व की सबसे प्राचीन भाषा माना जाता हैण दुनिया में बोली जाने वाली कई भाषाएँ संस्कृत से प्रभावित हैं अथवा उन भाषाओं में संस्कृत के शब्द देखने को मिलते हैंण नासा ने भी संस्कृत को विज्ञान संमत भाषा प्रमाणित किया है ण हमारे सारे पौराणिक ग्रंथ संस्कृत में ही हैं महात्मा गांधी ने ए गौतम बुद्ध ने विश्व को अहिंसा से समस्याओ के निराकरण के जो सूत्र दिये हैं वे भारत की पूंजी हैं ण भगवत गीता और रामचरित मानस हमारे विश्व ग्रंथ हैं ए जिनमें हर परिस्थिति में सफल जीवन दर्शन के सारे पाठ हैं

नया विश्व तर्क और विज्ञान का है ण अप्रत्यक्ष रूप से परमाणु शक्ति आज देशो की वह ताकत बन चुकी है जो दुनिया में किसी राष्ट्र का महत्व प्रतिपादित कर रही है ण भारत स्वयं अपने बूते परमाणु शक्ति संपन्न है ए और इसका प्रयोग शांति पूर्ण तरीको से विकास के लिये करने को प्रतिबद्ध है ए यह तथ्य हमें अन्य देशो से भिन्न व विशिष्ट बनाकर प्रस्तुत करता है ण

यदि भारत को वर्तमान परिस्थितियों में पुनः विश्वगुरू के रूप में स्वयं को स्थापित करना है तो हमें विश्व नागरिकता के लिये पैरवी करनी होगीण आज युवा पीढ़ी वैश्विक हो चुकी हैण उसे कागजी वीसा पासपोर्ट के बंधनो में ज्यादा बांधे रहना उचित नही है ए अंतरराष्ट्रीय वैवाहिक संबंध हो रहे हैं ए अब महर्षि महेश योगी की विश्व सरकार की परिकल्पना मुर्त स्वरूप ले सकती है ण पहले चरण में भारत को ई वीसा के लिये समान वैश्विक मापदण्ड बनाने के लिये यू एन ओ में प्रस्ताव लाना चाहिये ए तथा इसके लिये विभिन्न देशो का समर्थन जुटाने के पुरजोर प्रयास द्विपक्षीय स्तर पर किये जाने चाहिये ण जब कोई सेना पक्षियो की दुनियां भर में निर्बाध आवाजाही ए सूरज ए चांद ए हवा ए पानी को नही रोक सकती ए सीमाओ को जब संगीत की स्वर लहरियां यूं ही पार कर सकती हैं तो संकुचित नागरिकता का विचार कितना बौना ए अनैसर्गिक और तुच्छ है यह सहज ही समझा जा सकता है ण

एक बहुत छोटा सा मुद्दा हैण इस ग्लोबल दुनिया मे आज कही लेफ्ट हेंड ड्राइव सड़के गाड़ियां हैं तो किन्ही देशों में राइट हेंड ड्रिवन गाड़ियां चल रही है । इसमें एकरूपता जरूरी है ए आवश्यकता केवल पहल करने की है ।

इंटरनेट आधारित दुनिया पर किसी का कोई नियंत्रण ही नही है । पोर्न साइट्स व सायबर अपराध बढ़ रहे हैं । भारत पहल कर इसे नियमो में ला सकता है जिसके लिए वैश्विक सहमति बनाने का काम करना होगा। दुनियां में निरस्त्रीकरण एक बलशाली मुद्दा है ण अनेक देशो की ईकानामी ही हथियारो के व्यापार पर टिकी हुई है ण यदि मिलट्री पर होने वाला व्यय गरीबो के विकास पर लगाया जावे तो साल भर में दुनियां के हालात बदल सकते हैं ए जरूरत है कि भारत इस आवाज को बुलंदियां देने की पहल करे । किसी भी देश के वैज्ञानिको द्वारा किये जा रहे शोध पर पूंजी लगाने वाले देश का नहीए समूची मानवता का अधिकार होना चाहिये इस सिद्धांत को बढ़ावा दिये जाने की जरूरत है क्योकि सचाई यह है कि जो भी अगले शोध हो रहे हैं वे पिछले अनुसंधान तथा अन्वेषणो पर ही आधारित हैं ण भारत जैसे देशो से ब्रेन ड्रेन बहुत सरल है ए अमेरिका में शोध केवल इसलिये संभव हो पा रहे हैं क्योकि वहां वैसी सुविधायें तथा वातावरण विकसित हुआ है ण अतः वैज्ञानिक शोध पटेंट से परे मानव मात्र की धरोहर होनी चाहिये। अंतरिक्ष ए समुद्र और ब्रम्हांड की संपदा ए शोध पर सारी मानव जाति के अधिकार को हमें प्रतिपादित करना चाहिये ण साल २०१४ में पहले ही प्रयास में मंगलयान का मंगल गृह की कक्षा में पहुँच जाना हमारी बहुत बड़ी उपलब्धि हैण भारतीयों का प्रौद्योगिकी ज्ञान पश्चिम से भी आगे पहुंचे और हम उदारमना उसे सबके लिये सुलभ करवायें तभी हम विश्वगुरू की पदवी के सच्चे हकदार बन सकते हैं ।

# आखिर क्यों नदियां बनती हैं खलनायिकाएं?

**-डॉ सत्यवान सौरभ**



नदियां हमारी सभ्यता की जड़ों का अभिन्न अंग हैं, तो उनकी वजह से आने वाली बाढ़ भी हमारे देश का हिस्सा हैं. अगर हम जलीय और मौसम विज्ञान की दृष्टि से कहें तो, भारत में बाढ़ का सीधा संबंध देश में मॉनसून के सीजन में होने वाली बारिश से है. बाढ़ के चलते होने वाला नुकसान लगातार बढ़ रहा है. इसकी बड़ी वजह ये है कि डूब क्षेत्र में आने वाले इलाकों में पिछले कुछ वर्षों के दौरान आर्थिक गतिविधियां बहुत बढ़ गई हैं. और, इंसानी बस्तियां भी बस रही हैं. इससे नदियों के डूब क्षेत्र में आने वाले लोगों के बाढ़ के शिकार होने की आशंका साल दर साल बढ़ती ही जात रही है. नतीजा ये कि नदी का कुदरती बहाव क्षेत्र बाढ़ का शिकार इलाका नजर आने लगता है. हाल के वर्षों में नदियों के पानी से डूबने वाले क्षेत्रों में शहरी बस्तियां बसने की रफ़्तार तेज हो गई है. इस कारण से भी बाढ़ से होने वाली क्षति का दायरा बढ़ रहा है. क्योंकि किसी भी शहर का भौगोलिक दायरा और आबादी बढ़ने से ज्यादा से ज्यादा लोगो के बाढ़ के शिकार होने की आशंका बढ़ जाती है. जैसे ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में बस्तियां बसने लगती हैं, तो बाढ़ के पानी के निकलने का रास्ता रुक जाता है. इससे बाढ़ का पानी निकल नहीं पाता. फिर बस्तियों को बाढ़ के पानी से बचाने के लिए उनके इर्द गिर्द बंध बनाए जाते हैं. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बस्तियां बसने और इन बंधों के बनने से नदी घाटी और नदियों के इकोसिस्टम पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है. पहले दौर में मनुष्य शिकारी था, फिर खेती करने लगा। इसके बाद सुदूर व्यापार करने लगा और व्यापार के नाम पर सत्ता हड़पने लगा। इसके बाद औद्योगिक युग आया और सबसे बाद में, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पूंजीवादी व्यवस्था उभरी। हरेक दौर में मानव पहले से अधिक विकसित होता गया और साथ ही ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों का उपभोग बढ़ता गया। हरेक दौर में सूचनाएं भी पिछले दौर से अधिक उपलब्ध होने लगीं। हरेक नए दौर में जनसंख्या भी पहले से अधिक बढ़ती गयी। यहां तक प्रकृति हमसे अधिक शक्तिशाली थी, पर वर्त्तमान दौर विकास की अगली सीढ़ी है, इसे मानव युग कह सकते हैं क्योंकि अब प्रकृति पर पूरा नियंत्रण मनुष्य का है और मानवीय गतिविधियां प्रकृति से अधिक सशक्त हो गयी हैं। हर डूब क्षेत्र से लोगों को हटाने और तय दिशा-निर्देशों के अनुसार उन्हें कहीं और बसाने की चुनौती बहुत बड़ी है. और इसकी शुरूआत से ही बाधाएं आने लगती हैं. आज भी जमीन अधिग्रहण करना एक बहुत बड़ी चुनौती है. और सरकारों पर अक्सर ये आरोप लगते रहे हैं कि वो मुआवजा देने में निष्पक्षता नहीं बरतते और लोगों के पुनर्वास की सरकारी योजनाएं अपर्याप्त होती हैं. इसीलिए, यथास्थिति बनाए रखने के राजनीतिक लाभ अधिक हैं. क्योंकि इसमें हर सीजन में बाढ़ पीड़ितों को राहत और मुआवजा देकर काम चल जाता है. इसीलिए राज्यों की ओर से दूसरे विकल्पों पर विचार नहीं किया जाता.क्योंकि, इससे उनके राजनीतिक हितों पर बुरा प्रभाव पड़ता है. इसके अलावा, यहां ध्यान देने वाली बात ये भी है कि शहरी घनी बस्तियों को पूरी तरह से विस्थापित नहीं किया जा सकता. और इसके लिए इन बस्तियों के इर्द गिर्द बांध बनाकर उनकी सुरक्षा का इंतजाम करना भी जरूरी होता है. पर, इसके साथ ही साथ ये जरूर हो सकता है कि शहरों के बुनियादी ढांचे का और विकास रोका जाए. ताकि बाढ़ प्रभावित इलाकों में और बस्तियां न बसें. यहां पर एक और महत्वपूर्ण बात जो ध्यान देने योग्य है, वो ये है कि डूब क्षेत्र की जोनिंग का लाभ आबादी के एक बड़े हिस्से और क्षेत्र को मिलेगा. मिसाल के तौर पर, अगर असम राज्य में डूब क्षेत्र को दोबारा संरक्षित किया जाए और ब्रह्मपुत्र नदी के प्राकृतिक बहाव के रास्ते को पुनर्जीवित किया जाए, तो इसका फायदा बांग्लादेश तक को मिलेगा. क्योंकि तब बारिश होने और बाढ़ का पानी बांग्लादेश के निचले इलाकों तक पहुंचने के बीच काफी समय मिल जाएगा. इससे नदियों में लंबे समय तक पानी का अच्छा स्तर भी बना रह सकेगा.यहां हमें ये स्वीकार करना होगा कि नदियां इस भूक्षेत्र का अभिन्न अंग हैं. ऐसे में इंसानों को अपनी गतिविधियां प्राकृतिक परिस्थितियों द्वारा तय की गई सीमाओं के दायरे में रहकर ही संचालित करनी होंगी. प्राचीन काल में जिस तरह मानवीय गतिविधियों को प्राकृतिक व्यवस्था के तालमेल से संचालित किया जाता था. उसी विचार को हमें नए सिरे से अपनाने के बारे में सोचना होगा. तभी हम इस महत्वपूर्ण नीति को जमीनी स्तर पर लागू कर सकेंगे, जो बरसों से धूल फांक रही है.

कुल मिलाकर हम बहुत ही खतरनाक दौर में पहुंच गए हैं और संभव है कि मानव की गतिविधियां ही इसके विनाश का कारण बन जाएं। आज के दौर में समस्या केवल प्राकृतिक संसाधनों को नष्ट करने की ही नहीं हैं, बल्कि हम सभी चीजों को बदलते जा रहे हैं। वायुमंडल को बदल दिया, भूमि की संरचना को बदल दिया, साधारण फसलों से जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलों पर पहुंच गए, नए जानवर बनाने लगे, जीन के स्तर तक जीवन से छेड़छाड़ कर रहे हैं। अब तो कृत्रिम बुद्धि का जमाना आ गया है। संभव है कि आने वाले समय में पृथ्वी पर सब कुछ बदल जाए, पर प्रकृति पर इनका क्या प्रभाव पड़ेगा कोई नहीं जानता। इन चुनौतियों के उलट अगर हम नदियों के कुदरती बहाव के रास्ते तैयार करने की कोशिश करें, तो इसमें भी बाढ़ नियंत्रण की काफी संभावनाएं दिखती हैं. इससे बाढ़ से होने वाली क्षति को भी कम किया जा सकेगा. जिन इलाकों में अक्सर बाढ़ आया करती है, वहां जमीन के दाम ज्यादा नहीं होते. इसीलिए, समाज के सबसे कमजोर तबके के लोग ही ऐसे जोखिम भरे इलाकों में आबाद होते हैं. जो अपनी ज़िंदगी बेहद खतरनाक जगह पर बिताते हैं. उन्हें सरकारी योजनाओं और सेवाओं का भी लाभ नहीं मिलता. ऐसे लोगों को अगर दूसरे स्थानों पर बसाया जाए, तो उनके पास खुद को गरीबी के विषैले दुष्चक्र से आजाद करने का अवसर मिलेगा. वो हर साल आने वाली बाढ़ की तबाही से बच सकेंगे. इससे उनके सीमित पूंजीगत संसाधनों का भी संरक्षण हो सकेगा.

# पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव में नामांकन से लेकर मतगणना तक हिंसा जारी है!

**अशोक भाटिया**

पश्चिम बंगाल में टीएमसी पंचायत चुनाव में जीत का जश्न मना रही है। इस जश्न में उन परिवारों की चीत्कार कहीं खो गई जिनके परिजन चुनावी हिंसा के शिकार हुए। 16 मौतों के लिए के लिए मातम का वक्त अभी खत्म नहीं हुआ है। खून से सने पोलिंग बूथए टूटी मतपेटियां और बुलेट.बम की खौफनाक तस्वीरें भी जश्न के गुलाबी.हरे रंग में खो जाएंगी। यह जीत इसकी गारंटी नहीं है कि अगले चुनाव में यहां हिंसा नहीं होगी। आखिर चुनावों के दौरान बंगाल में हिंसा क्यों होती हैघ् क्या यह पश्चिम बंगाल की नियति है या सरकारी तंत्र की विफलता। चुनाव आयोग या सरकारए किसी न किसी को इन मौतों की जिम्मेदारी लेनी होगी। बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान 16 लोगों की मौत हुई थी और उसके बाद भी 9 हत्याएं हुई थीं। लोकसभा चुनाव 2019 के बाद भी 9 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। 2018 के पंचायत चुनाव में भी बंगाल में 23 लोग मारे गए थे।

इससे पहले भी चुनावों में राजनीतिक हत्याएं होती रही हैं। नक्सलबाड़ी के लिए मशहूर बंगाल में राजनीतिक हत्याओं का इतिहास पांच दशक से ज्यादा पुराना है। 1971 में कांग्रेस के सिद्धार्थ शंकर रे के शासनकाल में शुरू हुआ हिंसा का दौर आज तक नहीं थमा। कांग्रेस के बाद सीपीएमए फिर टीएमसी सत्ता में आई। लंबे समय तक ज्योति बसुए बुद्धदेब भट्टाचार्य और ममता बनर्जी सीएम के तौर पर कुर्सी पर काबिज रहीं मगर इनके राज में हिंसा नहीं रुका। 2011 में वाम दलों का किला ढहा तब यह उम्मीद जताई गई कि ममता बनर्जी इस रक्तरंजित गाथा पर पूर्णविराम लगाएंगीए मगर ऐसा नहीं हुआ। ममता बनर्जी के शासनकाल में भी 12 साल से बंगाल चुनावों में लहूलुहान हो ही रहा है। एनसीआरबी के आंकड़े बताता हैं कि 10 साल के शुरूआती ममता राज में 150 लोग चुनावी हिंसा के शिकार हुए। अब तो चुनावी हिंसा भद्रलोक के बंगाल की संस्कृति बन गई है।पंचायत से आम चुनाव तक हिंसा का दौर जारी रहा और यह हिंसा चुनाव की मतगणना तक चालू है । गणना के बाद जीतने वाले और हारने वालों का हश्र क्या होगा यह तो भगवान ही जाने ण

दरअसल अब तक बंगाल में हालात कश्मीर से भी बदतर रहे हैं । अंतिम चरण के मतदान से दो दिन पूर्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह का यह कहना कि ष्पश्चिम बंगाल में भाजपा के 80 कार्यकर्ता मारे गए हैं। हम तो पूरे देश में चुनाव लड़ रहे हैंए कहीं और हिंसा क्यों नहीं होती है। हमारे कारण हिंसा होती तो देश के हर हिस्से में होतीष् एकबारगी इस पहलू पर सोचने को मजबूर तो करता ही है। स्पष्ट है कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र को लाठी के बल पर अपहत करने की कोशिश की गई और राष्ट्रीय चुनाव आयोग भी तनिक देर से जागा।

ज्ञात हो कि पश्चिम बंगाल में 1960.70 के दशक के नक्सल आंदोलन से शुरू हुआ हिंसा का ये सिलसिला बदस्तूर जारी है। एक सरकारी आंकड़े के अनुसार 1977 से 2007 तक ही 28 हजार राजनीतिक हत्याएं राज्य में हुईं। इस दौर के बाद सिंगूर और नंदीग्राम के आंदोलन ने हिंसा का नया चेहरा पश्चिम बंगाल में पेश किया। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार 2016 में पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा की कुल 91 घटनाएं हुईं जबकि किसी न किसी रूप में 205 लोग इसका शिकार बने थे। 2015 में कुल 131 घटनाएं दर्ज की गई थींए जिनमें कुल 184 लोग प्रभावित हुए थे। 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी 14 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और 1100 से ज्यादा राजनीतिक हिंसा की घटनाएं राज्य में चुनाव के दौरान दर्ज की गई थीं। 2013 में राजनीतिक झड़पों में कुल 26 लोगों की जानें गई थीं।

आठ वर्ष पूर्व 2011 में ममता बनर्जी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के 34 साल के शासन को उन्हीं की तर्ज पर हिंसक आंदोलनों के सहारे खत्म कर सत्ता में आईं तो जरूर लेकिन जनता की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। ममता के शासनकाल में पंचायत चुनावों के बाद इस बार आम चुनाव के दौरान भी कहीं न कहीं किसी बहाने हिंसा देखने को मिली। राज्य में संस्कृति के साथ संस्कार भी चुनावी हिंसा की भेंट चढ़ गया। विद्यासागर कालेज में स्थापित 200 साल पुरानी उन्हीं की मूर्ति को उपद्रवियों ने तोड़ दिया। विद्यासागर बंगाल के साथ पूरी भारतीय संस्कृति और सभ्यता के आदर्श हैंए वह सबसे बड़े समाजशास्त्री और समाज सुधारक थे।

पश्चिम बंगाल की राजनीति के जानकारों के अनुसार मौजूदा लोकसभा चुनाव तृणमूल कांग्रेस के लिए करो.या.मरो की लड़ाई रही थी और अगले चुनाव में भी यह बनी रहेगी क्योंकि उसे पता था कि सत्ता में रहकर ही वो प्रासंगिक बनी रह सकती है। संभवतः इसीलिएए तृणमूल सरकार ने भाजपा नेताओं की रैलियों को रोकने तक की कोशिश की। अमित शाहए योगी आदित्यनाथ और शिवराज सिंह चौहान की रैलियों में हेलीकॉप्टर उतरने की अनुमति नहीं दी गई। भाजपा नेता प्रियंका शर्मा को सोशल मीडिया पर ममता दीदी से जुड़ी एक तस्वीर फॉरवर्ड करने की वजह से जेल में डाल दिया गया और सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के 24 घंटे बाद भी उन्हें जेल से रिहा नहीं किया गया।

दरअसलए भाजपा.तृणमूल टकराव की शुरूआत अक्टूबर 2014 में हुए बर्धवान विस्फोट की जांच राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी को देने के केंद्र के फैसले से हो गई थी। ममता बनर्जी ने राज्य सरकार को सूचित किए बगैर जांच स्वतरू ही एनआईए को दिए जाने के केंद्र के फैसले पर ऐतराज जताया था। इसके बाद सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर चर्चित शारदा घोटाले की सीबीआई जांच के दौरान भाजपा ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के करीबियों ने शारदा घोटाले को अंजाम दिया है और लोगों से हड़पा गया धन तृणमूल को मिला है। शारदा घोटाले में तृणमूल के राज्यसभा सांसद कुणाल घोष को नवंबर 2013 में गिरफ्तार किया गया था।

कड़वाहट तब और बढ़ गई जब सीबीआई की टीम 3 फरवरी की शाम को कोलकाता पुलिस आयुक्त राजीव कुमार के आधिकारिक निवास पर तलाशी व पूछताछ के लिए पहुंच गई। तब कोलकाता पुलिस सीबीआई टीम को पकड़ कर थाने ले गई और स्थानीय सीबीआई दफ्तर को घेर लिया। इस बीच ममता बड़े ही नाटकीय अंदाज में पुलिस आयुक्त के घर पहुंच गईं। ममता सीबीआई के जरिए केंद्र पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए सभी राजनीतिक दलों और देश के सभी सुरक्षाबलों को ललकारते हुए धरने पर बैठ गईं और बाद में पश्चिम बंगाल में सीबीआई के प्रवेश पर रोक लगा दिया।

शारदा चिटफंड की तरह ही रोज वैली घोटाले पर भी काफी वक्त से हड़कंप मचा हुआ है। इसमें कई बड़े नेताओं का नाम भी शामिल होने की बात सामने आ चुकी है। तृणमूल के दो सांसदों सुदीप बनर्जी और तापस पाल को तो महीनों जेल में रहना पड़ा था। इसी कड़ी में नारद स्टिंग विवाद का जिक्र भी आता है। पश्चिम बंगाल विधान सभा चुनाव के समय नारद न्यूज पोर्टल ने कई सारे वीडियो अपलोड किए थेए जिनमें तृणमूल कांग्रेस के कई बड़े नेताओं को एक फर्जी कंपनी का पक्ष लेने के बदले रुपये स्वीकारते देखा गया था। इस मामले में अप्रैल 2017 में सीबीआई ने तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सहित 13 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। हालांकि ये मामले सीबीआई ने कोलकाता हाईकोर्ट के आदेश के बाद दर्ज किए थेए लेकिन ममता बनर्जी शुरू से ही मोदी सरकार पर सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय ;ईडीद्ध समेत तमाम एजेंसियों को प्रदेश सरकार के खिलाफ राजनीतिक हथियार बनाने के आरोप लगाती रहीं। भाजपा के लिए पश्चिम बंगाल में अपना जनाधार बढ़ाने का इससे अच्छा मौका और क्या हो सकता था। 2014 में भाजपा को यहां सिर्फ दो सीटों पर जीत मिली थीए लेकिन पांच साल बाद भाजपा मुख्य लड़ाई में आ गई और दीदी के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बन गई।

# सत्ता के लालच में साख गंवाती भाजपा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

कभी चालए चरित्रए चेहरे की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी ;भाजपाद्ध अब पूरी तरह से बदल गई है। सत्ता के लालच ने भाजपा का चरित्र ही बदल कर रख दिया है। देश में कम्युनिस्ट पार्टियों के बाद अनुशासन के मामले में सख्त मानी जाने वाली भाजपा का अनुशासन अब तार.तार हो गया है। भाजपा में वफादारी की बात करना अब बेमानी हो गया है। सत्ता के लालच में पार्टी के नेता कब कौन सा कदम उठा ले किसी को पता नहीं है। 2014 के बाद तो भाजपा पूरी तरह बदल गयी है। इस समय की भाजपा सत्ता की इतनी भूखी हो गई है कि सत्ता मिलते देख वह अपने जन्मजात दुश्मनों को भी गले लगाने से परहेज नहीं कर रही है।

जब 1980 में जनता पार्टी से अलग होकर भाजपा का गठन किया गया था। उस समय राजनीतिक रूप से तो भाजपा कमजोर थी मगर चारित्रिक रूप से बहुत मजबूत थी। भाजपा के अनुशासन व संगठन को लेकर सभी राजनीतिक दलों में चचाएं होती थी। अपने वफादार कार्यकताओं के बल पर भाजपा हर समय संघर्ष करने को तैयार रहती थी। पार्टी नेताओं के एक इशारे पर पार्टी कैडर मरने मारने पर उतारू हो जाता था। पार्टी के कार्यकर्ता भूखे रहकर महीनों तक चुनाव में पार्टी के लिए मेहनत करते थे।

मगर अब नजारा पूरी तरह से बदल गया है। आज भाजपा का कार्यकर्ता सुविधा भोगी हो गया है। सबको सत्ता का लालच आ गया है। पार्टी का हर कार्यकर्ता पांच सितारा जिंदगी में जीना चाहता है। भाजपा का छूटभैया नेता भी आज बड़ी.बड़ी लग्जरी गाड़ियों में घूम रहा है। एक समय पाई पाई के लिए मोहताज रहने वाले पार्टी कार्यकताओं के पास अचानक ही लग्जरी लाइफस्टाइल बिताने के लिए इतना धन कहां से आया इस बात से पार्टी के बड़े नेताओं को कोई मतलब नहीं रहता है। सत्ता पाने की होड़ में पार्टी आलाकमान उस बात से भी आंख मूंद लेती है जिससे पार्टी की छवि खराब हो रही है।

पार्टी की स्थापना करने के बाद अटल बिहारी वाजपेईए लालकृष्ण आडवाणीए नानाजी देशमुखए विजय राजे सिंधियाए भैरोंसिंह शेखावतए कुशाभाऊ ठाकरेए सुंदर सिंह भंडारीए कल्याण सिंहए मुरली मनोहर जोशीए शांता कुमारए सुंदरलाल पटवाए श्यामाचरण सकलेचाए मदन लाल खुरानाए जगदीश प्रसाद माथुरए विजय कुमार मल्होत्राए जाना कृष्णमूर्तिए एम वेंकैया नायडूए सूरजभान जैसे बहुत से नेताओं ने पार्टी को बनाने में अपना सब कुछ खफा दिया था। पार्टी में इन वरिष्ठ नेताओं का जब तक दबदबा रहा तब तक पार्टी सत्ता पाने की दौड़ में शामिल नहीं हुई थी।

अटलए आडवाणी युग में भाजपा ने अपने को जमीनी स्तर पर बहुत मजबूत किया था। जिसका ही नतीजा है कि आज भाजपा देश में शासन कर रही है। एक समय था जब अटल बिहारी बाजपेई ने सिद्धांतों से समझौता नहीं कर के प्रधानमंत्री का पद गंवा दिया था। उस दौर में पार्टी के लिए सत्ता से बड़े सिद्धांत होते थे। मगर अब सब कुछ बदल गया है। आज के समय में सत्ता हासिल करना ही पार्टी का मुख्य उद्देश्य बन गया है।

2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने और अमित शाह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने उसके बाद से पार्टी में पुराने नेताओंए पुराने कार्यकताओं को धीरे.धीरे पीछे धकेला जाने लगा। उनके स्थान पर फाइव स्टार कल्चर के नए.नए लोगों को आगे बढ़ाए जाने जाने लगा। भाजपा के बारे में माना जाता था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ;आरएसएसद्ध का पार्टी पर पूरा नियंत्रण रहता है। संघ की इजाजत के बिना पार्टी में पत्ता भी नहीं हिल सकता है। मगर मौजूदा परिस्थितियों में लगता है कि संघ का पार्टी पर से नियंत्रण समाप्त हो गया है। संघ के पदाधिकारी भी आज मौन रहकर पार्टी के सत्ता लोलुप स्वरूप को देख रहे हैं। पार्टी की नीतियों में हस्तक्षेप करने की संघ में भी हिम्मत नहीं रह गई है। इसीलिए भाजपा के बड़े नेता मन मुताबिक फैसले लेकर काम कर रहे हैं।

# सामाजिक समरसता के संदर्भ में: श्री गुरुजी

**वीरेंद्र सिंह परिहार**

कांग्रेस पार्टी के बड़बोले नेता दिग्विजय सिंह का कहना है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक श्री गोलवलकर ने ९जिन्हें इस देश में करोड़ों करोड़ लोग आदर और श्रद्धा के साथ श्री गुरु के नाम से संबोधित करते हैंएश्व अपनी किताब में लिखा हैए श मैं सारी जिंदगी अंग्रेजों की गुलामी करने को तैयार हूंए लेकिन जो दलितों पिछड़ों और मुसलमानों को अधिकार देती हो ऐसी आजादी मुझे नहीं चाहिएण शिदग्विजय ने यह भी कहा दृश श्री गोलवलकर यह भी लिखा हैए जब भी सत्ता हाथ लगेए देश की धन संपत्तिए राज्यो की जमीन और जंगल 2 .3 विश्वसनीय व्यक्तियों को सौंप दोए और 95ः जनता को भिखारी बना दोए उसके बाद सात जन्मो तक सत्ता हाथ से नहीं जाएगीण

दिग्विजय श्री गुरुजी पर ऐसे आरोप लगाते हुए यह बताने की जरूरत नहीं समझी कि श्री गुरुजी ने अपनी किस किताब में किस पेज नंबर में ऐसी बातें लिखी हैंण वास्तविकता में दिग्विजय के उक्त आरोप पूरी तरह निराधार और झूठे हैंणश्री गुरु जी का स्पष्ट रूप से यह मानना था कि आत्मविस्मृति और उसके कारण सभी प्रकार की स्वार्थ परायणता और इसके कारण विभिन्न भेदो के कारण समाज का विघटन होने के चलते हिंदू समाज का जो पतन हुआए उसी के कारण राष्ट्र का पतन हुआ हैण जबकि किसी दौर में देश में राज सत्ता ना होते हुए भी केवल धर्म के आधार पर संपूर्ण समाज में समरसता ही नहींए एकात्मता भी व्याप्त थीणश बहुत से लोग श्री गुरु जी पर यह आरोप लगाते थे और आज भी लगाते हैं कि श्री गुरुजी वर्णव्यवस्था के पक्षधर थे और उसे देश में पुनः वापस लाना चाहते थेण इस संबंध में श्री गुरु जी का स्पष्ट रूप से कहना था दृश एक ही चैतन्य का विविधता पूर्ण आविष्कार ही आत्मा का आधार हैए क्योंकि आत्मा सम है और यही समता का आधार हैण जैसे एक वृक्ष की शाखाएं पत्तियां फूल और फल सभी एक दूसरे से भिन्न है लेकिन यह देखने वाली विविधता उस वृक्ष की भांति भारत कीअभिव्यक्ति हैण ऐसा ही हमारे सामाजिक जीवन के विविधताओं के संबंध में भी हैण शरीर के विभिन्न अवयव हैए जिनके कार्य अलग .अलग हैं लेकिन शरीर का कोई भी अंग शरीर के विरोध में कार्य नहीं करताए परस्पर पूरक तथा अनुकूल व्यवहार करता हैण श इन्हीं संदर्भ में श्री गुरु जी का कहना था यही सामंजस्य अथवा एकात्म का भाव समाज में भी परस्पर एक दूसरे के प्रति होना चाहिएण ऐसे समाज को एक जीवमान संकल्पना मानने के चलते वह कहते हैं कि हम सब समाज के अंग हैं और एक ही चैतन्य हम सब में विद्यमान हैंण इस चैतन्य भाव से हम सब समान होने के कारण परस्पर पूरक हैए एक दूसरे के साथ एकरस हैं।

## जमानत पर रिहा दुष्कर्म आरोपी तमंचा-कारतूस समेत दबोचा, तमंचे से फायर कर दे रहा था धमकी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर की अगुवाई में दरोगा रविकान्त राय की टीम ने जमानत पर रिहा बलात्कारी शेषनारायण उर्फ पिन्टू मिश्रा पुत्र स्व गिरीश प्रसाद मिश्रा निवासी कलबारा बुजुर्ग को तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि बीस दिन पहले जमानत पर शेषनारायण उर्फ पिन्टू रिहा हुआ था। एक जुलाई को कलबारा बुजुर्ग में श्रीमती आरती देवी के घर के सामने अवैध तमंचे से हवाई फायर कर आरती देवी व परिजनों को गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी थी। घटना की बाबत पहाड़ी थाने में उसके खिलाफ मामला दर्ज था।

घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी को दरोगा रविकान्त राय की टीम ने 11 जुलाई को उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद हुये। तमंचा व कारतूस बरामदगी में उसे जेल भेजा गया है। टीम में दरोगा रविकान्त राय व महेन्द्र शुक्ला शामिल रहे।

## एएसपी ने एक को निरीक्षक व तीन को बनाया दरोगा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने मारकुण्डी थाने में तैनात रहे दरोगा जयप्रकाश मिश्रा को निरीक्षक पद पर एवं मुख्य आरक्षी इन्दल सिंह व मुख्य आरक्षी अब्दुल खलील तथा मुख्य आरक्षी राजेश कुमार को दरोगा पद पर पदोन्नत होने पर स्टार लगाकर विभूषित किया। बुधवार को एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने निरीक्षक/उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति पाने वाले पुलिस कर्मियों को स्टार लगाकर विभूषित किया। उन्होंने चारों पुलिस कर्मियों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा किया। उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि वे आगे निष्ठा पूर्वक पुलिस की सेवायें देते रहेंगे।

## पुलिस ने दबोचे तीन वारंटी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने तीन वारंटी को दबोचा है।

बुधवार को भरतकूप थानाध्यक्ष सूबेदार बिन्द की टीम ने वारंटी शिवप्रसाद उर्फ गुंडा पुत्र मोहन निवासी मानपुर को गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा कमलेश कुमार ने एनडीपीएस एक्ट के वारंटी नौशाद उर्फ रहमत खान पुत्र बाबू खान निवासी पहरा को गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के दरोगा सिद्धनाथ राय की टीम ने एससी/एसटी एक्ट के वारंटी राधेश्याम उर्फ मुन्नीलाल पांण्डेय पुत्र सांऊ पांण्डेय निवासी घुनुवा को गिरफ्तार किया।

# भाकपा ने 12 जुलाई 66 के शहीदों को किया याद

## आन्दोलन के बाद धन व धरती बंट के रही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कैम्प कार्यालय में 12 जुलाई 1966 के शहीदों की श्रृद्धांजलि सभा का रामभवन की अध्यक्षता में हुई। का अमित यादव एड ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि उस ऐतिहासिक आंदोलन ने पूरे सामंती व्यवस्था को बदलने का काम किया है। उस आंदोलन के साथियों से हक लेने की सीख लेनी चाहिए। हमारे सामने बेरोजगारी, मंहगाई, अशिक्षा व मंहगी चिकित्सा की बड़ी समस्यायें हैं, जिन्हें दूर करने को मिलकर लड़ना होगा।बुधवार को 12 जुलाई 1966 के आंदोलन की भाकपा ने याद किया। ये वह दौर था, जब दलित-पिछड़ों के पास न जमीन थी, न रहने को घर, बनी मजदूरी से ही गरीबों का जीवन कटता था। दलितों को कुआ से पानी भी नहीं भरने दिया जाता था। पढ़ाई-लिखाई से हजारों कोस दूर खडे थे। भुखमरी का आलम ये था कि सड़ा-गला अनाज, जंगली जानवरों के शिकार से पेट भरते थे। सवर्णों का दबदबा था। गरीब खाना खा रहे हों और जमींदार का हुकुम आ जाए तो खाना छोड़कर उनके यहां बेगारी में जाना पड़ता था। 12 घंटे काम के बदले डेढ सेर बनी मिलती थी। जरूरतवश किसी ने गल्ला या पैसा ले लिया तो गल्ले की सवाई रूपयों की ब्याज भरते-भरते पूरा जीवन बीत जाता था। उसके बाद अगली पीढी भरती रहती थी। मुन्शी प्रेमचन्द की कहानी सवा सेर गेहूं व पूस की रात इसी बात का चित्रण करती है। इन हालातों से आम जनता को कैसे निजात दिलाई जाये। भाकपा ने कमर कसी और नारा दिया कि धन-धरती बंट के रहेगी, भूखी



जनता चुप न रहेगी। कमाने वाला खायेगा, लूटने वाला जायेगा। नया जमाना आयेगा। उन शहीदों की कुबार्नी को याद कर संकल्प लिया कि ईमानदारी के साथ गरीबों, बेरोजगारों के हक अधिकारों के लिए लाल झंडे के साथ मिलकर जनविरोधी सरकार के खिलाफ लड़ेंगे।पूर्व विधायक का रामप्रसाद सिंह ने कहा कि भाकपा ने 12 जुलाई 1966 को पहली कतार के नेता का रामकृपाल पाण्डेय, का प्रहलाद व पार्टी के जिला सचिव राम सजीवन को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रदर्शन में हजारों लोगों ने भाग लेने बांदा आये। दूसरी कतार के नेता का दुर्जन भाई, का देवकुमार यादव, का चन्द्रभान आजाद, सोशलिस्ट नेता रामभजन निगम आदि ने संभाली। पार्टी का जलूस नारे लगाते हुए लाल झंडो के साथ आज अशोक लाट के पास पहुंचा। तो संघियों ने पथराव शुरू कर दिया। कई पार्टी के साथी व पुलिस वाले घायल हो गये। पूरी तरह से अफरा-तफरी मच गयी। पूर्व पुलिस कप्तान नईमुद्दीन आगा शाह ने जिलाधिकारी की अनुमति के बिना गोली चार्ज करा दिया। पार्टी के दर्जनों लोग शहीद हो गये। का रामभवन ने कहा कि पार्टी के उस आंदोलन के बाद मिली जीत से केन्द्रीय मुख्यालय श्रीमती गांधी को आना पडा था। का विनोद पाल ने कहा कि उस आंदोलन के बाद लम्बरदारो की जमीने गयी। श्रृद्धांजलि सभा को का राजेन्द्र कुमार, का रविकरन, का सुशील ने संबोधित किया। सभा में का दादूराम, हनुमान, महेन्द्र प्रताप वर्मा, बृजभूषण, प्रद्युम्न, फेरम, पुष्पेन्द्र सिंह लोधी, राजाराम, जुगुल किशोर, राजकुमार ऐरानमाफी, विनय अशोह, शिवनायक सुरवल आदि मौजूद रहे।

## सपा नेता मान सिंह का जिले की सीमा में सपाइयों ने किया भव्य स्वागत

### सपा बाबा साहब वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव बनने पर हुआ भव्य स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा के वरिष्ठ नेता मान सिंह पटेल को समाजवादी बाबा साहब वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने के बाद जिले में पहली बार आगमन पर सपाइयों ने जिले की सीमा बदौसा पहुंचकर फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया।

बुधवार को सपा नेता मान सिंह पटेल के सपा बाबा साहब वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने पर पहली बार जिले में आगमन पर सपाइयों ने फूल-मालाओं से लाद दिया। बनियन पुरवा, भरतकूप, शिवरामपुर, खुटहा मोड़ में सपाइयों ने भव्य स्वागत किया। पटेल का काफिला पार्टी कार्यालय पहुंचा। यहां सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, सपा



विधायक अनिल प्रधान, अमर सिंह पटेल, कैलाश बौद्ध, नरेंद्र यादव, गुलाब खां, सत्यनारायण पटेल, राजा बाबू यादव, रामकिशोर कुरील, मंधीर सिंह, संतोष पटेल, दिनेश पटेल आदि ने स्वागत किया। मान सिंह पटेल ने पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता समाजवादी पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करना होगा। आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी पूरे देश में जीत दर्जकर भाजपा को खदेड़ने का काम करेंगे। बाबा साहब अम्बेडकर और लोहिया के विचारों पर चलने वाले लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाकर पार्टी को मजबूत किया जायेगा। काफिले में पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव, सदर विधायक अनिल प्रधान, अरशद खान, सीताराम कश्यप, राजेंद्र यादव, सत्येंद्र यादव, गौरीशंकर पटेल, देवेंद्र पटेल, चंदन कोटार्य, राजकिशोर विश्वकर्मा, मिट्ठूलाल विश्वकर्मा, ओपी अनुरागी, संजय कबीर, श्रवण पटेल, सूरज पटेल, विद्यासागर यादव प्रधान बनकट, लालमन यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मनिकपुर में पुलिस को चुनौती दे रहे चोर, आए दिन हो रही चोरी की घटनायें

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर कस्बे में आये दिन हो रही चोरियों से कस्बावासी खासे परेशान हैं। पुलिस की गशत भी चोरों पर अंकुश नहीं लगा पा रही।

बुधवार को मानिकपुर कस्बे में चोर पुलिस को खुलेआम चुनौती देते दिख रहे हैं। थाने से महज कुछ दूरी पर चोरों ने बाल्मीकिनगर पश्चिमी में पुराने इलाहाबाद बैंक के पास रामबाबू साहू की आढ़त गल्ले की दुकान में चोरी की घटना अंजाम दी। ऊपरी हिस्से में रामबाबू साहू रहते हैं, नीचे उनकी आढत है। रामबाबू साहू ने बताया कि बीती रात वह घर से बाहर थे। घर पर बच्चे थे। रोज की भांति उनका पुत्र दुकान बंदकर ऊपर कमरे में चला गया था। आधी रात को चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर रुपए की पेटी उठा ले गये। पेटी में लगभग पचास हजार रुपये थे। चोरों ने सरसों, चना आदि की बोरियां भी उठा ले गये।

एक सप्ताह पहले थाने के बगल में एक घर व स्कूल का ताला तोड़कर चोरी की घटना अंजाम देकर चोरों ने पुलिस को चुनौती दी थी। व्यापारी ने बताया कि चोरी की घटना की तहरीर थाने में दी है। पुलिस ने भरोसा दिया है कि जल्द चोरियों का खुलासा कर चोरों को जेल भेजा जायेगा।

## प्रिंस ने पाई सफलता, आईआईटी हैदराबाद में हुआ चयन



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के घुनुवा गांव में जूनियर विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक जाहर सिंह के सुपुत्र प्रिंस देव ने पहले प्रयास में जेईई एडवांस की परीक्षा पास कर ली है।

बुधवार को प्रिंस देव के परिजनों व रिश्तेदारों में जेईई की परीक्षा पास करने पर खुशी की लहर दौड़ गई। प्रिंस देव को बड़ी सफलता को बधाई देने वालों का तांता लग गया। प्रिंसदेव का चयन इलेक्ट्रिक सेक्टर में आईआईटी हैदराबाद में हुआ है।

गौरतलब है कि प्रिंसदेव ने एक नहीं दो जिलों का नाम रोशन किया है। प्रिंसदेव का मूल जिला जालौन है। उनके पिता चित्रकूट में पदस्थ हैं। प्रिंस ने शिक्षा-दीक्षा चित्रकूट में प्राप्त की है।

## एनडीपीएस में एक को हुई दो माह 21 दिन की सजा, पांच हजार का जुमार्ना भी हुआ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वाद में पैरवीकर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निदेशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर व पैरोकार आशोक यादव की पैरवी से एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को अदालत से दो माह 21 दिन की सजा व पांच हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

बुधवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनद कुमार मिश्रा की प्रभावी बहस के नतीजतन न्यायालय अपर जनपद न्यायधीश/एफटीसी (न्यू) सुशील कुमार वर्मा ने पहाडी थाने में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के आरोपी हीरालाल पुत्र जागेश्वर राजपूत निवासी पनौटी को दो माह 21 दिन की सजा व पांच हजार रुपए के जुमार्ना से दंडित किया है।

## करोडों खर्च के बाद भी नहीं बदली मऊ गुरदरी की तस्वीर

### -हालत आज भी है बदहाल-बारिश में हालत और भी हो जाती है खराब

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के मऊ गुरदारी गांव में 14 वर्षों से मनरेगा, राज्यवित्त व पंद्रहवा वित्त आयोग से करोड़ों रुपए खर्चकर विकास कार्य हुए, लेकिन गांव की तस्वीर जस की तस है। करोड़ों खर्च होने के बाद भी गांव की तस्वीर में बदलाव नहीं हुआ।

बुधवार को मानिकपुर ब्लाक के मऊ गुरदरी गांव की बदहाली की तस्वीर की जानकारी हुई। बताया गया कि गांव में सही ढंग से न सडक है और न कोई विकास कार्य दिख रहे हैं। गांव के अभिलेखों में देखा जाए तो एक दशक में कई करोड़ रुपए विकास के नाम पर खर्च हो चुके हैं। ग्रामीण सुंदरलाल,



अरविंद कुमार, आदित्य कुमार आदि ने बताया कि मऊ गुरदरी मानिकपुर ब्लाक के उप्र एवं मप्र को जोड़ने वाला गांव है। 14 वर्षों में कई प्रधान बदल गए। विकास के नाम पर खूब पैसा सरकार ने पानी की तरह बहाया, लेकिन गांव की तस्वीर आज भी नहीं बदली है। पगडंडियों के सहारे आज भी गांव में लोग आते-जाते हैं। कोई गर्भवती महिला गांव से अस्पताल तक आना चाहे तो एम्बुलेंस नहीं पहुंच सकती। आखिर करोड़ों खर्च होने के बाद भी क्यों नहीं बदली गांव की तस्वीर। ये एक यक्ष प्रश्न है। पगडंडियों के किनारे खेत मालिकों ने कटीले तार लगा रखे हैं। इससे एम्बुलेंस या अन्य कोई वाहन पगडंडियों से नहीं निकल सकता। सफाई कर्मी भी गांव से नदारद रहता है। गांव की तस्वीर अलग ही दिखाई दे रही है। मऊ गुरदरी मप्र के डभौरा से जुड़ा है। रास्ता न होने से लोग मानिकपुर की बाजार न करके डभौरा की बाजार करते हैं। ऐसे में मानिकपुर बाजार के व्यापारियों की क्षति हो रही है।

## सूबे के मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

### प्रभारी मंत्री-विधायक से भी बडा है एआरटीओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रेमचन्द्र व रामचन्द्र ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में एआरटीओ विवेक शुक्ला पर आरोप लगाया है कि वह मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी व प्रभारी मंत्री से भी बडे हैं। शिकायत के बाद भी वह अपनी शिकायतों को दबवा देते हैं। इस बारे में एआरटीओ विवेक शुक्ला ने कहा कि ये सब फर्जी है। जिनकी गाडियां पकडी जाती हैं, वे ऐसे झूंठे बयान देते हैं।

बुधवार को पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रेमचन्द्र व रामचन्द्र ने सूबे के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में एआरटीओ विवेक शुक्ला पर आरोप लगाया कि शुक्ला बडे पैमाने पर अवैध वसूली कर सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं। राजस्व वसूली को गति देने के नाम पर वाहन स्वामियों का लगातार शोषण कर रहे हैं। जिले में विवेक शुक्ला पहले बीडीओ के पद पर थे। इनकी कार्यशैली तब भी विवाद के घेरे में रही है। एआरटीओ के बतौर कार्यभार ग्रहण करने के बाद भरतकूप क्षेत्र में अवैध वसूली को लेकर विवाद हुआ था। ट्रक मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कराकर इन्होंने जेल भेजा था। उन्होंने आरोप लगाया कि कभी राजापुर कभी मऊ में जांच शुरू कर देते हैं। खासतौर पर रात्रि में जांच के नाम पर खुलकर अवैध वसूली की जाती है। प्रयागराज स्थित अपने आवास में अक्सर आवागमन करने वाले एआरटीओ शुक्ला एक निजी कर्मचारी साथ में रखते हैं। गाडियों की जांच दौरान ये निजी व्यक्ति गाडियों से पैसा वसूली करता है। पैसा न देने वाली गाडियों में मामूली कमी दिखाकर भारी भरकम जुमार्ना लगाया जाता है। पैसा देने वाले वाहनों को कागज न होने पर भी छोड दिया जाता है। ये मामला मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी व प्रभारी मंत्री के सामने उठा चुके हैं। वह अपने प्रभाव के बूते शिकायतों को दबवा देते हैं। मुख्यमंत्री से मांग किया कि एआरटीओ के क्रियाकलापों की गोपनीय जांच कराकर कडी कार्यवाही की जाये।

## खजुरिहा कला के ग्रामीणों ने 14 भैंस चोरी में पुलिस पर लगाया आरोप , एसपी से भेंटकर सौंपा पत्र



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के खजुरिहा कला के दो दर्जन ग्रामीणों ने थाना पुलिस पर चोरों से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से भेंट की। पुलिस अधीक्षक को ग्रामीणों ने बताया कि 15 मई को शिवबचन, देवशरण, देवकुमार, बुद्धविलाश पुत्र दिरगज यादव, धुन्नी, मुन्ना पुत्र रामलाल यादव एक ही परिवार की 14 भैंस चुराकर ले गए थे। बुधवार को ग्रामीणों ने अपनी भैंसों की तलाश की तो उन्हें पता चला कि पड़ोस के गांव में है। ग्रामीणों ने इलाका पुलिस को नामजद तहरीर दी। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई न होने पर ग्रामीणों का आक्रोश भड़क गया। ग्रामीणों ने लामबंद होकर पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में बताया कि 15 मई की रात पड़ोसी गांव के एक दर्जन लोग 14 भैंस चुरा ले गए थे।

## बरुवा समेत दर्जनों गांव जाने को क्षेत्रवासी परेशान

### बदहाल गांवों की जनता से जनप्रतिनिधियों ने बनाई दूरी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भले ही सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का अभियान चला रहे हों, लेकिन जिले में कुछ ऐसे संपर्क मार्ग हैं, जो छात्र-छात्राओं समेत आमजनता को हादसे की दावत दे रहे हैं। समाजसेवियों ने प्रशासन से मार्गों को बनवाने की मांग की है। बुधवार को राजापुर तहसील के बरुआ गांव समेत दर्जनों गांव जाने को क्षेत्रवासियों को भारी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। लोग आए दिन हादसों के शिकार हो रहे हैं। समाजसेवियों ने जिले के जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से मार्गों के निर्माण की मांग की है, लेकिन हालात जस के तस हैं। बारिश होते ही आवागमन बाधित हो जाता है। सड़कों पर फिसलकर लोग गिर रहे



हैं। राजापुर-छीबो रोड खोहरा बाबा देव स्थान से सात किमी दूर स्थित बरुवा गांव जाने को इकलौता संपर्क मार्ग बरुआ संपर्क मार्ग है। ये लगभग तीन साल से ध्वस्त पडा है। सड़क में गड्ढे ही गडढे हैं। इस मार्ग से रगौली, रुपौली, रीठी, तीरमऊ, भदेवरा, नोनागर, बरुवा समेत कई गावों के लोग आवागमन करते हैं। बारिश में इन मार्गों के गड्ढों में जलभराव होने से हादसे बढ जाते हैं। बीमार व प्रसव वेदना से पीडित महिलाओं को राजापुर आने-जाने में भारी दिक्कतें उठानी पडती हैं। स्कूली छात्र-छात्राओं को राजापुर व नांदिन कुर्मियांन विद्यालयों में जाने को परेशानी होती है। आए दिन जलभराव से छात्र-छात्राएं फिसलकर गिर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन ने मार्ग को दुरुस्त कराने की जरूरत नहीं समझी। चुनाव के समय मार्ग को ठीक कराने की मांग की गई थी।

# विदेश संदेश

## उत्तर कोरिया ने इस साल दागी 12वीं बैलिस्टिक मिसाइल, जापान तट रक्षक ने दी जानकारी

सियोल। उत्तर कोरिया द्वारा बुधवार को फिर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा, उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तट से पूर्वी सागर की ओर एक अनिर्दिष्ट बैलिस्टिक मिसाइल दागी। उत्तर कोरिया





के पिछले प्रक्षेपण के बमुश्किल एक महीने बाद जापान की सेना ने भी इस प्रक्षेपण की सूचना दी है और इस साल यह उसका ऐसा 12वां प्रक्षेपण है।

मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने घोषणा की है कि उन्होंने बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण का पता लगाया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लॉन्च के संबंध में अधिक जानकारी नहीं दी गई है। इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी जासूसी विमान के अभियानों के खिलाफ उत्तर कोरिया के आरोपों के कारण उत्पन्न तनाव के बीच प्योंगयांग ने बैलिस्टिक मिसाइल दागी है।

## ऑस्ट्रेलियाई सांसदों से मेटा ने कहा- चीन की नीति है विदेशों में कलह पैदा करने की

**सिडनी।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'मेटा' ने ऑस्ट्रेलियाई सांसदों को बताया कि चीन से फर्जी फेसबुक खातों के नेटवर्क चलाए जा रहे हैं, जो विदेशों में कलह पैदा करने की नई नीति अपना रहे हैं। विदेशी दखल की सीनेट जांच का सामना करते हुए




मूल कंपनी मेटा के अधिकारियों ने कहा, गत 7 माह में चीनी नेटवर्क द्वारा रणनीति में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है।

मेटा प्रवक्ता जोश माचिन ने कहा कि चीनी फेसबुक खातों के समन्वित नेटवर्क पत्रकारों, दान और जनसंपर्क फर्मों को लक्षित कर जनता की राय को प्रभावित कर रहे हैं। सांसदों की पूछताछ में माचिन ने कहा, हम रणनीति की नई श्रृंखला विकसित होते देख रहे हैं। मेटा ने हाल ही में यूरोप में समन्वित दुष्प्रचार अभियान चलाने वाले चीनी नेटवर्क से संबंधित दर्जनों फेसबुक खातों को हटा दिया है। नेटवर्क प्रवासियों और एलजीबीटीक्यू कार्यकर्ताओं पर हमला करने वाली भड़काऊ सामग्री साझा कर रहा था।

## नाटो सदस्यता के लिए यूक्रेन की दावेदारी पर मतभेद, स्टोलटेनबर्ग ने कहा, रूसी हमलों के खिलाफ और देंगे मदद

**स्वीडन।** स्वीडन को नाटो के सदस्य देशों में शामिल होने की तुर्किये से मंजूरी मिलने के बाद इस देश को सभी की सहमति मिल गई है, लेकिन यूक्रेन की दावेदारी पर गठबंधन देशों में मतभेद उभरकर सामने आए?हैं। नाटो की नजरें यूक्रेन की दावेदारी पर टिकी हैं, लेकिन




मतभेदों के चलते इसका फिलहाल सदस्य बनना मुश्किल दिख रहा है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने उनके देश की एंट्री न होने के चलते इसे नाटो की 'एब्सर्डज' योजना कहा।

## नेपाल के सोलुखुम्बु मे हेलिकॉप्टर हादसे में चालक सहित मैक्सीको के पांच यात्री की मौत

**काठमांडू।** अररिया जिले के जोगबनी सीमा से सटे नेपाल के कोशी प्रदेश के सोलुखुम्बु जिले के सुर्के से काठमांडू के लिए उड़ान भरे मानंग एयर का हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया।जिसमे विमान चालक समेत सवार पांच नागरिकों की मौत हो गई। दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में विमान का अवशेष सोलुखुम्बु के लाम्जुरा मे मिला है।



यह वही स्थान है जहां से उड़ान होने के साथ ही हेलीकाप्टर सम्पर्क विहीन हो गया था।कोशी प्रदेश पुलिस प्रमुख राजेश नाथ बास्तोला ने बताया किहेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त अवस्था मे मिलने की बात दुर्घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस सहायक निरीक्षक निराजन बस्नैत ने जानकारी दी है।जिसमे चालक दल के साथ ही इसमें सवार पांच मैक्सिको के विदेशी नागरिक की मौत हुई है।

पुलिस प्रमुख राजेश नाथ बास्तोला के अनुसार,हेलिकॉप्टर का संपर्क टूटने के साथ इसको खोजा जा रहा था। आसपास के गांव से जानकारी ली जा रही थी।घटना स्थल की पहचान होने के साथ ही पुलिस को लापता हुए हेलिकॉप्टर के खोज और रेस्क्यू के लिए लगाया गया था। उल्लेखनीय है कि पांच मैक्सिको के विदेशी नागरिक को लेकर मानंग एयर के 9 एनएड्क्एमभी कलसाइन हेलिकॉप्टर नेपाली समय के अनुसार सुबह 10 बजकर एक मिनट मे सम्पर्क विहीन हो गया था ।जिसके बाद खोजबीन के लिए हेलीकॉप्टर कंपनी के द्वारा अल्टरनेट हेलीकॉप्टर को खोज में लगाया गया था।

हेलीकॉप्टर में चालक दल मे नेपाली नागरिक चेत गुरूंग थे तो पेसेंजर के रूप मे मैक्सीको के नागरिक सीफुन्ट जी फर्नाडो,रिनकोन स्मार,सीफुन्ट मारिया,गुन्जालेज ओलाक्लो और जोन्जालेक्स एब्रिक सवार थे।इन सभी की मौत होने की पुष्टी पुलिस ने की है।

## जापान में भारी बारिश, कुछ जगह बुलेट ट्रेनों को रोकना पड़ा, छह की मौत

**टोक्यो।** जापान के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में 'अब तक की सबसे भारी बारिश' हुई है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने कहा है कि दक्षिणी मुख्य सेवा बाधित हो गई हैं। आज भी तेज हवा चलने के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है। बरसात से सर्वाधिक प्रभावित फुकुओका और ओइता प्रांत के



द्वीप क्यूशू में शाम चार बजे तक 24 घंटे की अवधि में 402.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। तीन लोग लापता हो गए। एजेंसी ने कहा है कि बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बरकरार है। दक्षिण-पश्चिमी जापान में बारिश के कारण घर बह गए हैं। अस्पतालों में पानी भर गया है। मोबाइल फोन अधिकारियों का कहना है कि भारी बारिश के दौरान भूस्खलन हुआ है और नदियां उफान पर हैं। इस वजह से सान्यो शिंकानसेन लाइन पर हिरोशिमा और हाकाटा स्टेशनों के साथ क्यूशू शिंकानसेन लाइन पर हाकाटा और कुमामोटो स्टेशनों के बीच बुलेट ट्रेन सेवा को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा है।

## बैस्टिल डे परेड : पेरिस में तैयारियां जोरों पर, भारतीय सेना के तीनों दल ने किया रिहर्सल, पीएम मोदी को होंगे शामिल

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में 14 जुलाई को होने वाले बैस्टिल डे परेड के लिए तैयारियां जोरों पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फ्रांस के बैस्टिल डे परेड में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। बुधवार को पेरिस में बैस्टिल डे परेड की रिहर्सल में भारत की तीनों सेना के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

फ्रांसीसी एयरफोर्स के कर्नल थिएरी (Thierry, Colonel of French Airforce) ने पीएम मोदी की आगामी फ्रांस यात्रा पर न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा, बैस्टिल डे परेड पर जब मैं और मेरे सैनिक काम कर रहे होंगे, तो हम आपके प्रधानमंत्री और हमारे फ्रांसीसी राष्ट्रपति की ओर देखेंगे। यह बहुत भावुक कर देने वाला उदाहरण है क्योंकि हम उनसे लगभग 30 मीटर की दूरी पर होंगे... इसलिए यह बहुत प्रभावित करने वाला पल होगा। भारत की थल, जल और वायु सेना के दल ने बैस्टिल डे परेड के लिए बुधवार को अभ्यास सत्र आयोजित किया।



दल ने 'सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा 'की धुन पर मार्च किया। भारतीय नौसेना के कमांडर प्रतीक कुमार ने कहा कि ÷यह न केवल सशस्त्र बलों के लिए बल्कि भारत के पूरे लोगों के लिए एक महान भावना है कि हमें फ्रांसीसी सरकार के प्रतिष्ठित कार्यक्रम बैस्टिल डे में प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया गया है। हमें खुशी है कि हम थल सेना, नौसेना और वायु सेना की त्रि-सेवा टुकड़ी के हिस्से के रूप में यहां मौजूद हैं।

प्रतीक कुमार ने आगे कहा कि साथ ही पर्सन-टू-पर्सन के संदर्भ में, हम दोनों एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। जिस दिन से हम यहां आए हैं, उस दिन से हमारा लोकाचार, हमारा सौहार्द बढ़ रहा है और यह देखना शानदार है कि हमारे बीच अच्छा तालमेल में हैं और हम जो कहते हैं और वे जो कहते हैं वह सब एक-दूसरे से मेल खाता है। उन्होंने बताया कि संयुक्त फ्लाईपास्ट में राफेल भी मौजूद होगा।

## इमरान खान और फवाद चौधरी के खिलाफ चुनाव आयोग ने जारी किया गैरजमानती वारंट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने अवमानना मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्री फवाद चौधरी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। साथ ही मामले की सुनवाई 25 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के मुखिया इमरान खान के अलावा उनकी पार्टी के नेताओं फवाद चौधरी और असद उमर के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की थी। इन तीनों पर चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप थे। चुनाव आयोग की निसार दुर्रानी की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय बेंच ने मंगलवार को तब गैरजमानती वारंट जारी किया, जब कई बार चेतावनी देने के बावजूद ये लोग बेंच के सामने पेश नहीं हुए। मामले के एक आरोपित असद उमर के वकील ने बताया कि उनके मुवक्किल को एक अन्य मामले में पेश होना था, किन्तु चिकित्सकीय संकट के कारण वह पेश नहीं हो सके। उन्होंने चुनाव आयोग के सामने पेश होने के लिए अन्य तारीख देने का अनुरोध किया। चुनाव आयोग ने उनके इस अनुरोध को स्वीकार कर दिया और वकील को इस संबंध में एक याचिका दायर करने को कहा। उन्होंने इस मामले में इमरान खान और फवाद चौधरी के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी करते हुए सुनवाई को 25 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया। लंबी कार्रवाई के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने जनवरी में इमरान खान और अन्य दो नेताओं के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की अनुमति दी थी। अब चुनाव आयोग ने उनके खिलाफ आरोप तय करने का फैसला किया है।



**पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के मुखिया इमरान खान के अलावा उनकी पार्टी के नेताओं फवाद चौधरी और असद उमर के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की थी।**

## नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड की पत्नी सीता दाहाल का निधन

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की पत्नी सीता दाहाल (69) का निधन हो गया। लंबे समय से अस्वस्थ थीं। उनका भारत समेत कई देशों में इलाज कराया गया। उनके परिवार में पति प्रचंड, दो बेटियां गंगा और



बुधवार सुबह नेपाल के समयानुसार 8॰33 बजे उन्होंने नारविक अस्पताल में अंतिम सांस ली। नारविक अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा। सीता दाहाल रेनू दाहाल हैं। पुत्र प्रकाश दाहाल और बेटी ज्ञानू केसी का निधन हो चुका है। पुत्र की मौत के बाद वो सदमे में थीं। वो अपने पति प्रचंड के राजनीतिक सफर में खास सहयोगी रही हैं।

## चुनाव नहीं लड़ेंगे थाईलैंड के प्रधानमंत्री प्रयुथ, राजनीति से संन्यास की घोषणा की

**थाईलैंड।** थाईलैंड के प्रधानमंत्री प्रयुथ चान-ओ-चा फिर से चुनाव नहीं लड़ेंगे और उनकी पार्टी के गठबंधन ने 2019 के चुनाव में सबसे अधिक सीटें हासिल की थी। इसके बाद सीनेट के समर्थन उन्हें नेता चुना गया था। तख्तापलट के बाद से थाईलैंड पर हावी रहे सेना समर्थित



अभिजात वर्ग (इलीट क्लास) को मई के आम चुनाव में मतदाताओं से जोरदार झटका मिला था, जिससे देश को चलाने के रूढ़िवादी गुटों पर वर्षों से बढ़ती नाराजगी खत्म हो गई।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति सिरिसेना ने ईस्टर हमले के पीड़ितों को दिया 1.50 करोड़ रुपए हर्जाना

**कोलंबो:** श्रीलंका के उच्चतम न्यायालय द्वारा तय समय सीमा से पहले ही पूर्व राष्ट्रपति मैत्रिपाला सिरिसेना ने वर्ष 2019 में ईस्टर के मौके पर हुए सिलसिलेवार धमाकों के पीड़ितों के लिए हर्जाने की पहली किस्त के तौर पर 1.5 करोड़ श्रीलंकाई रुपये का भुगतान कर दिया है। मीडिया में बुधवार को आई खबरों में यह जानकारी दी गई है। श्रीलंका के शीर्ष न्यायालय ने इस साल जनवरी में 71 वर्षीय सिरिसेना को आदेश दिया था कि उन्होंने हमले की पहले से विश्वसनीय सूचना होने के बावजूद, देश के सबसे बड़े आतंकवादी हमले को रोकने में लापरवाही की और इसलिए वह पीड़ितों को 10 करोड़ श्रीलंकाई रुपए बतौर मुआवजा दें। श्रीलंका में आईएसआईएस से जुड़े स्थानीय इस्लामिक चरमपंथी समूह नेशनल तौहीद जमात (एनटीजे) के नौ आत्मघाती हमलवारों ने जब हमला किया था



तब सिरिसेना देश के राष्ट्रपति और रक्षामंत्री थे। आतंकवादियों ने 21 अप्रैल 2019 को तीन कैथोलिक गिरिजाघरों और इतनी ही संख्या में लग्जरी होटल को निशाना बनाया था जिसमें 11 भारतीयों सहित करीब 270 लोग मारे गए थे और 500 से अधिक घायल हुए थे। अदालत ने सिरिसेना को 10 करोड़ श्रीलंकाई रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया था।

**अवामी लीग नेता का आरोप-बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का इजरायली खुफिया एजेंसी के साथ गुप्त संबंध**

इसी के साथ पूर्व पुलिस प्रमुख पुजित जयसुन्दरा और राज्य खुफिया सेवा के पूर्व प्रमुख निलंथा जयवर्धने को 7.5-7.5 करोड़ श्रीलंकाई रुपये और पूर्व रक्षा सचिव हेमासिरी फर्नांडो को पांच करोड़ श्रीलंकाई रुपये का हर्जाना देने को कहा गया था। कोलंबो गजेट समाचार पोर्टल की खबर के मुताबिक, उच्चतम न्यायालय ने 12 जुलाई तक हर्जाना भरने को कहा था और सिरिसेना ने 28 जून को 1.5 करोड़ रुपये जमा किए। उन्होंने साथ ही अर्जी देकर शेष राशि 85 लाख-85 लाख श्रीलंकाई रुपये की 10 किस्तों में 30 जून 2024 से 20 जून 2033 के बीच भरने की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

## पाकिस्तान के आदिवासी जिला कुर्रम में हालात बेकाबू, सेना भेजने की मांग

**कुर्रम।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के आदिवासी जिला कुर्रम में हालात बेकाबू हैं। खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने प्रधानमंत्री से दखल देने का आग्रह करते हुए सेना भेजने की मांग की है। इस जिले में भूमि विवाद पर आदिवासी समूहों के बीच सात जुलाई से हो रहे खूनी संघर्ष में घायल दो और लोगों ने मंगलवार को दम तोड़ दिया। इसी के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई। गोलियों से लहूलुहान कम से कम 70 लोग अस्पतालों में भर्ती हैं।

खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने संघीय सरकार से खूनी संघर्ष को समाप्त करने के लिए अनुच्छेद 245 के तहत अतिरिक्त सैन्य और अर्धसैनिक बलों को भेजने का अनुरोध किया है। मानव संसाधन विकास मंत्री साजिद हुसैन तुरी इस्लामाबाद से यहां का दौरा करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि पुलिस, सेना और आदिवासी बुजुर्ग पेवार, बालिशखेल और




खार कल्लाय इलाकों में युद्धरत जनजातियों के बीच युद्ध विराम कराने की कोशिश कर रहे हैं।

कुर्रम के डिप्टी कमिश्नर सैयद सैफुल इस्लाम शाह और जिला पुलिस अधिकारी मोहम्मद इमरान ने कहा कि स्थिति सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक डंडार सेहरा और बोशेहरा के निवासियों के बीच इस संघर्ष में भारी और स्वचालित हथियारों का इस्तेमाल किया गया है। जनजातियों ने रास्ते रोक दिए हैं। इस वजह से खाने-पीने की चीजों समेत जरूरी सामान की कमी हो गई है। पेवार, गिदो, बालिश्खेल, खार किल्ले, सद्दा, पारा चमकानी, मुकबल और कुंज अलीजई इलाकों में झड़पें जारी रहीं।